

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -305 जबलपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


प्लांट तक पहुंचने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारी-पुलिस ने सभी को रास्ते में ही रोक लिया

## पीथमपुर में जहरीला कचरा जलाने के विरोध में दो लोगों ने की आत्मदाह की कोशिश, पुलिस पर पथराव






महू-पीथमपुर (आरएनएस)। यूनियन कार्बाइड कचरा जलाने का विरोध में आज पीथमपुर और सागौर का बाजार पूरी तरह से बंद है। इधर पीथमपुर में विरोध प्रदर्शन के दौरान दो युवकों ने आत्मदाह की कोशिश की। आग बुझाकर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इनके नाम राजकुमार रघुवंशी और राज पटेल बताए जा रहे हैं।

उधर प्रदर्शनकारियों की भीड़ रामकी कंपनी प्लांट तक पहुंचने की कोशिश करती रही है, जहां कचरा जलाया जाना है। इस दौरान पुलिस ने उन्हें बीच में रोका तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें वापस पीछे खदेड़ दिया।

गुरुवार तड़के कचरा पहुंचने के बाद विरोध में एकता नजर आने लगी है। साथ ही विरोध के स्वर भी मुखर हो रहे हैं। पीथमपुर के छत्र छाया गेट के सामने प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम करने का प्रयास भी किया। इसके बाद इन्होंने महू-नीमच रोड पर चक्काजाम कर दिया। गुरुवार को विरोध रैली के बाद शुक्रवार को पीथमपुर बंद का आह्वान किया गया था। जिसके चलते शुक्रवार सुबह से ही पूरा पीथमपुर बंद है। सभी बाजार, मोहल्ले व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। बंद के समर्थन में पीथमपुर के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर रखी हैं।

इसके साथ ही पुलिस भी पूरे पीथमपुर के हर क्षेत्र में नजर बनाए रखी हुई है। शुक्रवार को दो तीन जगह विरोध के रूप में कुछ लोगों ने चक्काजाम करने का प्रयास किया था। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के कारण चक्काजाम का प्रयास सफल नहीं रहा।

सभी छोटी से लेकर बड़ी दुकानें व होटलें भी पीथमपुर में बंद हैं। इसी तरह सागौर में भी सुबह से ही सभी व्यापार व दुकानें बंद रहीं। विरोध शांतिपूर्ण रूप से हो इसके लिए पीथमपुर में हर जगह पर पुलिस तैनात की गई है।

## सामने बैठे थे मुइज्जू के मंत्री, तभी मोदी के जय ने कहा कुछ ऐसा, चौंक उठेगा पूरा मालदीव



नई दिल्ली-(आरएनएस)। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से चर्चा की। जयशंकर ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी के दौरान सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्रा के उपयोग की सुविधा के लिए एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे प्रमुख विकासों का उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि मैं आपकी और आपके प्रतिनिधिमंडल का आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत में स्वागत करता हूं। मैं नए साल की शुभकामनाएं देता हूं, और मुझे कहना होगा कि आप इस वर्ष के लिए मेरे पहले आधिकारिक आगंतुक, राजनयिक आगंतुक हैं, इसलिए आपका दोगुना स्वागत है। जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विकास हैं, रिपोर्ट करने के लिए सकारात्मक विकास हैं, और निश्चित रूप से हमें और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है, मैं देख रहा हूं कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जयशंकर ने मालदीव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की और देश को भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की ठोस अभिव्यक्ति के रूप में वर्णित किया।

आरएसएस मीडिया विंग का दावा

## 1940 में शाखा में शामिल हुए थे आंबेडकर और गांधी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। आरएसएस की संचार शाखा ने दावा किया कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने अपनी यात्रा के दौरान कहा था कि कुछ अलग-अलग राय के बावजूद, वह आरएसएस को अपनेपन की भावना से देखते हैं। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. अंबेडकर ने 85 साल पहले आरएसएस की एक शाखा का दौरा किया था। वीएसके ने कहा कि अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने कहा, हालांकि कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन मैं संघ को अपनेपन की भावना से देखता हूं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की संचार शाखा के अनुसार, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने 1940 में महाराष्ट्र के सतारा में एक %शाखा% का दौरा किया था। उनमें संघ के प्रति %सहानुभूति% का भाव था। संघ की मीडिया विंग ने अपने बयान में यह भी बताया कि 1934 में महात्मा गांधी भी एक शाखा में गए थे। आरएसएस की संचार शाखा विश्व संवाद केंद्र (वीएसके) की विदर्भ शाखा ने गुरुवार को इन दावों के साथ एक बयान जारी किया। आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

## अंतिम संस्कार की कर रहे थे तैयारी, अचानक हो गया जिंदा लोगों में चर्चा, हुआ पुनर्जन्म



कोल्हापुर. (आरएनएस)। महाराष्ट्र के कोल्हापुर से हैरान करने वाली खबर सामने आई है. चमत्कार होते हैं, सुना था लेकिन कोल्हापुर में लोगों ने आंखों से चमत्कार होते देखा. एक बुजुर्ग व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था, लेकिन जब एंबुलेंस में उसका शव लेकर परिजन जा रहे थे तो अचानक एंबुलेंस सड़क पर बने गड्ढे के ऊपर से गुजरी. झटका लगते ही बुजुर्ग जिंदा हो गया, यह देखकर उसके परिजन डर गए और वे उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे स्वस्थ घोषित कर दिया. डॉक्टरों का कहना है कि जिसने पांडुरंग को मृत करार दिया, उन्हें भी कुछ लगा होगा, लेकिन वह जी उठे तो इसे चमत्कार ही कहा जाएगा. पांडुरंग अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और दवाई देकर घर भेज दिया गया है. मरकर जिंदा हुए बुजुर्ग व्यक्ति का नाम पांडुरंग तात्या है, जिसे हार्ट अटैक आया था और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घर वालों ने अंतिम संस्कार की तैयारी की और बुजुर्ग के शव को एंबुलेंस के जरिए घर लाया जाने लगा. बीच रास्ते में एंबुलेंस बड़े से गड्ढे से टकरा गई और अचानक बुजुर्ग पांडुरंग सांसें लेने लगे. उनके हाथों-पैरों की उंगलियों में हलचल होने लगी. 65 वर्षीय पांडुरंग तात्या उल्पे के पोते रोहित रामाने ने बताया कि 15 दिन के इलाज के बाद वापस घर आए तो घरवालों ने उनका स्वागत किया. पांडुरंग कोल्हापुर के कस्बा बावड़ा इलाके में रहने वाले हैं और वे कहते हैं कि उनका पुनर्जन्म हुआ है और वह भी सिर्फ एक स्पीड ब्रेकर की वजह से हुआ है. उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर 2024 की शाम को अचानक उन्हें चक्कर आया और वह गिरकर बेहोश हो गए. परिजन अस्पताल ले गए तो पता चला कि हार्ट अटैक आया

3 अधिकारी-कर्मचारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त, 2 की रूकी वेतन वृद्धि- योजनाओं की राशि, छात्रवृत्ति और राजस्व प्रकरणों में मिली नागरिकों को राहत

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएँ, निराकृत हुए लंबित प्रकरण



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। इन जिलों में सागर, कटनी, सिंगरौली, विदिशा और सीहोर जिलों के अधिकारियों करें बधाई मिली। श्रेष्ठ कार्य करने वाले और उच्च प्रदर्शन वाले विभागों में ऊर्जा, नगरीय विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंबित प्रकरण का तत्काल निराकरण करें। जन-कल्याण के कार्य को गति देने के लिए अभियान चल रहा है। आगामी 26 जनवरी तक घर-घर जाकर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान गत 11 दिसंबर से संचालित है। जन-कल्याण अभियान की गतिविधियां 22 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्य पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण हों। उदाहरण के लिए बंटवारा आदेश ही पर्याप्त नहीं है, उसे नक्शे में दर्शाना भी आवश्यक है। नामांतरण और सीमांकन के कार्यों में भी पूर्ण प्रक्रिया कर कार्य किए जाएं। समाधान ऑनलाइन में बैतूल जिले श्री चन्द्र प्रकाश धोटे के प्रकरण बंटवारे के आवेदन का समाधान भी हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे लंबित प्रकरण अभियान के अंतर्गत निराकृत करने के निर्देश दिए।

## बैतूल में पलटी बस 15 यात्री हुए घायल



बैतूल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के सारनी थाना क्षेत्र में पाथाखेड़ा बस स्टैंड के पास मोड़ पर प्राइवेट कंपनी की बस शुक्रवार सुबह 7ण15 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस में सवार 15 यात्रियों को मामूली चोट आई है। सभी को घोड़ाडोंगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया ने बताया कि बस क्रमांक एमपी 48 पी .1122 मोड़ पर पलट गई। बस में कुल 20 यात्री सवार थे जिनमें से अधिकांश समारोह में खाना बनाने का काम करने वाले हैं। ये सभी काली माई तक बस में सवार होकर जा रहे थे। बस पलट जाने से 15 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। सभी का उपचार कराया गया है। घायलों में अंजना पति सुनील बहादुर ;50 वर्षद्धए निवासी मछली काटाए सारनीए जयंती पति सुरेश अमझरे ;55 वर्षद्धए निवासी मछली काटाए सारनीए माही पिता सुंदरलाल ;22 वर्षद्धए निवासी सुपर एफ्ए सारनीए बिंदिया पति रामप्रसाद डहारे ;48 वर्षद्धए निवासी मछली काटाए

मैं भी शीशमहल बना सकता था, लेकिन गरीबों को पक्का घर देना मेरा सपना, बिना नाम लिए मोदी का केजरीवाल का तंज

## आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वाभिमान अपार्टमेंट, अशोक विहार, दिल्ली में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के लिए 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों के लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नयी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर, द्वारका में पश्चिमी परिसर और नजफगढ़ के रोशनपुरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वीर सावरकर कॉलेज का भवन शामिल है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बन गया है। 2025 में भारत की यह भूमिका और भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विश्व में भारत की स्थिति मजबूत करने का वर्ष होगा। यह भारत को दुनिया के सबसे बड़े विनिर्माण केंद्रों में से एक बनाने का वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां हूं, तो कई पुरानी यादें याद आना स्वाभाविक है। जब देश इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा था, तो मेरे जैसे कई लोग जो भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे, उनके लिए अशोक विहार मेरे रहने की जगह हुआ करती थी। मोदी ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के निर्माण के मिशन में एकजुट है।

## बेगूसराय में पप्पू यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतरे बीपीएससी अभ्यर्थी, लगाया जाम



बेगूसराय.(आरएनएस)। बिहार के बेगूसराय में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर युवा शक्ति के छात्र सड़क पर उतर आए हैं. सांसद पप्पू यादव के कहने पर आज बिहार में रेल और सड़क जाम की योजना बनाई गई थी. इसी के तहत बेगूसराय के युवा शक्ति नेता पिंटू कुमार के नेतृत्व में कई छात्र सुबह से ही एनएच 31 पर पहुंचे और पावर हाउस चौक पर जाम लगा दिया. जाम की वजह से एनएच 31 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया. छात्रों का आरोप है कि नीतीश सरकार तानाशाह बन गई है और आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है. छात्रों की मांग है कि बीपीएससी परीक्षा को रद्द कराया जाए. इस मामले को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है. सदर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस और बड़ी संख्या में पुलिस बल प्रदर्शन स्थल पर मौजूद हैं.

## संघ कोई काम प्रदर्शन के लिए नहीं करता, लाठी सिखाने से वीरता बढ़ती है-मोहन भागवत



, इंदौर (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि संघ कोई काम प्रदर्शन के लिए नहीं करता, संघ काम करता है, इसलिए उसका प्रदर्शन होता है। संघ के कार्यक्रमों से मनुष्य के सद्गुणों में वृद्धि होती है। हम संघ में दंड और लाठी चलाना सिखाते हैं। यह प्रदर्शन के लिए या झगड़ा करने के लिए नहीं सिखाते, लेकिन अगर कोई प्रसंग आ जाए तो यह काम आती है। लाठी सीखने से मनुष्य में वीरता आती है। वह डरता नहीं है। यह बात डा. भागवत ने शुक्रवार को इंदौर में मालवा प्रांत के स्वर शतकम् कार्यक्रम में कही। 28 मिनट के उद्बोधन में डा. भागवत ने आनंद मठ उपन्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें लिखा है- ऐ लाठी तुम्हारे दिन लद गए, लेकिन शिक्षित हाथ में आने के बाद तुम कर नहीं पाओ, ऐसा कोई काम नहीं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए संघ से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग संघ में इसलिए नहीं आते कि मुझे कुछ करना है, बल्कि इसलिए आते हैं कि उन्हें राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सभी में राष्ट्र निर्माण का भाव जागृत होगा तो एक दिन सारी दुनिया सुख और शांति का युग देखेगी। इंदौर के दशहरा मैदान पर दोपहर करीब 3.15 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम दो घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान मालवा प्रांत के 28 जिलों के स्वयंसेवकों ने सामूहिक घोषवादन किया। उन्होंने करीब 45 मिनट तक अविराम प्रस्तुति दी। स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में उनके स्वजन और आमजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। संघ प्रमुख डा. भागवत ने कहा कि यहां इतनी बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने एक सुर में संगीत की प्रस्तुति दी है। संगीत हमें आपसी समन्वय के साथ मिलकर चलना सिखाता है। एक साथ इतने स्वयंसेवक द्वारा संगीत का प्रस्तुतिकरण, एक आश्चर्यजनक घटना है। हमारी रण संगीत की जो परंपरा विलुप्त हो गई थी, अब फिर से लौट आई है।

## मध्य प्रदेश में घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, शीतलहर से गिरेगा तापमान

भोपाल (आरएनएस)। गुरुवार को मध्य प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। खासकर भोपाल, राजगढ़ और उज्जैन में दृश्यता मात्र 50 मीटर रह गई है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। प्रदेश के उत्तर और मध्य भाग में कोहरा सबसे ज्यादा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार यह कोहरा अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि वातावरण में नमी के स्तर में कमी और तापमान में गिरावट के कारण कोहरे की यह स्थिति पैदा हुई है।

## सर्वे रिपोर्ट-संभल जामा मस्जिद में मिले 50 से ज्यादा हिंदू कलाकृतियां



नई दिल्ली.(आरएनएस)। संभल में शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर के विवाद का मामला वर्षों से सुर्खियों में बना हुआ है. हाल ही में मस्जिद के अंदर हुए सर्वे की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में पेश किया गया है, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण और चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. इस रिपोर्ट के अनुसार, मस्जिद के अंदर हिंदू धर्म से जुड़ी कई कलाकृतियां और संरचनाएं पाई गईं हैं, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या यह जगह पहले एक मंदिर हुआ करती थी.

सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि मस्जिद के अंदर 50 से अधिक फूलों की कलाकृतियां पाई गईं, जो हिंदू धार्मिक प्रतीकों का हिस्सा मानी जाती हैं. इसके अलावा, दो बरगद के पेड़ भी मस्जिद के अंदर पाए गए, जो सामान्यत- हिंदू मंदिरों में पूजा जाने वाले पेड़ माने जाते हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मस्जिद के अंदर एक कुआं भी है, जिसका आधा हिस्सा अंदर और आधा बाहर है, और बाहरी हिस्से को ढंक दिया गया है. रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि मस्जिद के पुराने ढांचे में बदलाव किए गए हैं. विशेष रूप से गुम्बद के हिस्से को प्लेन किया गया और वहां नए निर्माण के सबूत पाए गए हैं. मस्जिद के भीतर बड़े गुम्बद पर एक झूमर लटकाया गया है, जो आमतौर पर मंदिरों में घंटी लटकाने के लिए इस्तेमाल होती है. इसके अलावा, मंदिर के शेप वाले स्ट्रक्चर पर प्लास्टर लगाया गया और पेंट किया गया, जिससे पुराने निर्माण को छिपाया गया.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी पनागर श्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि थाना पनागर अन्तर्गत निजाम उर्फकिल्लू उम्र 45 वर्ष निवासी स्टेडियम के सामने आजाद वार्ड पनागर का एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला बदर का प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय ( भा.पु.से. ) के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी जबलपुर को प्रेषित किया गया था

स्मार्ट सिटी के मिनी हॉल में आयोजित बैठक में निगमायुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को स्वच्छता के मापदण्डों के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप जमीनी स्तर पर कार्य करें अधिकारी कर्मचारी - निगमायुक्त प्रीति यादव

**स्वच्छता के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को निगमायुक्त प्रीति यादव ने दी जानकारी और कार्य करने की नसीहत भी**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर शहर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार लगातार कार्य किये जा रहे हैं। जिसकी समीक्षा स्मार्ट सिटी के मिनी हॉल में स्वच्छता के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई। बैठक में सभी अधिकारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित स्वच्छता के मापदण्डो को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया और निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी संबंधित कर्मचारी जमीनी स्तर पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही कार्य करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों को यह भी



नसीहत दी कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सुबह की पाली में फील्ड पर रहकर स्वच्छता संबंधी सम्पूर्ण कार्य करायेगें। उसके उपरांत कार्यालयीन कार्यो का निष्पादन करेगें। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने साफ तौर पर बैठक में निर्देशित किया कि जितने भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं वे सभी कैलेन्डर एवं मापदण्डों के अनुरूप रूटीन बनाकर कार्य करें। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के कार्यो को प्राथमिकता से कराने के लिए सभी नोडल अधिकारियों एवं स्वास्थ्य अमले को सख्त निर्देश दिये।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि स्वच्छता से ही जबलपुर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी इसलिए आप सभी अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता के कार्यो को सर्वोच्य प्राथमिकता दें और सभी कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अंदर स्थाई रूप से सम्पन्न कराएँ ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के दौरान कराये गए कार्यो की पहचान आगे के लिए भी बनी रहे और काम आए। बैठक में उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही अधिकारीगण न करें। इस अवसर पर समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, सहायक आयुक्त, नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## असम के लिए बेहतर रेल संपर्क- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने तीन नई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई और 72 करोड़ रुपये की लागत से बने रोड ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री के विजिन को साकार करके रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए असम के लिए गुवाहाटी से तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा निर्मित तेतेलिया स्टेशन यार्ड पर एक नया रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) राष्ट्र को समर्पित किया गया। असम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और माननीय विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री पबित्रा मार्गेरिटा गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे, इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर अन्य सांसद/विधायक भी मौजूद थे। नई शुरू की गई ट्रेनों में ट्रेन संख्या 55818/55817 (गुवाहाटी - न्यू बोंगाईगांव - गुवाहाटी) दैनिक पैसेंजर, ट्रेन संख्या 15911/15912 (तिनसुकिया - नाहरलागुन - तिनसुकिया) त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12047/12048 (गुवाहाटी - उत्तर लखीमपुर - गुवाहाटी) द्वि-साप्ताहिक जन शताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं। इस समारोह के दौरान माननीय रेल मंत्री ने कहा कि इन सेवाओं से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलने और असम तथा पड़ोसी क्षेत्रों में यात्रियों के लिए यात्रा विकल्पों में सुधार होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा निर्मित तेतेलिया स्टेशन यार्ड में एक नया रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) आम जनता के उपयोग के लिए समर्पित किया गया। आरओबी (संख्या 59ए) का निर्माण पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा तेतेलिया स्टेशन यार्ड में लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या एसटी-22 की जगह 72 करोड़ रुपये की कुल लागत से किया गया था। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक (निर्माण) श्री अरुण कुमार चौधरी, मुख्यालय और मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय सांसद/विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

पुरानी लाइन बंद करने के उपरांत पानी की सप्लाई बंद कर दी जायेगी

# 24X7 वॉटर सप्लाई नई लाईन से प्रारंभ - निगमायुक्त प्रीति यादव

**राइट टाऊन और नेपियर टाऊन के नागरिकों से नई लाइन से नल कनेक्शन लेने निगमायुक्त प्रीति यादव एवं सी.ई.ओ. स्मार्ट सिटी अनुराग सिंह ने अपील की है**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी जबलपुर के अंतर्गत ए.वी.डी. एरिया में 24ङ्ग7 योजना के तहत् अब नागरिकों को पेयजल आपूर्ति कराने की पहल प्रारंभ कर दी गयी है। इस संबंध में निगमायुक्त एवं कार्यपालिक निदेशक श्रीमती प्रीति यादव एवं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि स्मार्ट सिटी के ए.वी.डी. एरिया में नागरिकों को सातों दिन 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने राइट टाउन और नेपियर टाउन के नागरिकों से अपील की है कि इस योजना के अंतर्गत नई पाइप लाइन से सभी लोग शीघ्र नल कनेक्शन (मीटर सहित) प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए निर्धारित ठेकेदार (जैन इरीगेशन) को नल कनेक्शन रसीद दिखाना अनिवार्य हैं। इस संबंध अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पानी प्रदाय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, राइट टाऊन क्षेत्र, नेपियर टाऊन के निवासियों से अनुरोध है कि अपने नल कनेक्शन की रसीद दिखाकर नया नल कनेक्शन नवीन पाइप लाइन से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी लाइन बंद हो जाने के पश्चात् पानी की सप्लाई बंद कर दी जायेगी एवं जिन नागरिको के यहाँ कनेक्शन होने के उपरांत मीटर इंस्टाल नहीं हुए वो नागरिक भी आगामी कार्यवाही से बचने जल्द से जल्द मीटर इंस्टाल करा लें।

**अकाल मृत्यु**

जबलपुर। थाना पनागर में सुनील गोटिया उम्र 46 वर्ष निवासी कुशनेर मोहनिया ने सूचना दी कि दिनांक 1-1-25 को उसके जीजा लल्लू गोटिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कोहना

## मनोज वर्मा का निधन



जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में कार्यरत अवंती बिहार रामपुर निवासी मनोज वर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

# जबलपुर के जूडो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन कायम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के निर्देशन में इंदौर जिला जूडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं केडिट जूडो प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू स्टेडियम इंदौर में किया गया। जिसमें जबलपुर जिला संघ के सब जूनियर खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण तीन रजत के साथ पांच कांस्य पदक प्राप्त कर जबलपुर ने अपना दबदबा कायम किया। जिला जूडो संघ के कोच व सचिव आबिद हुसैन खान ने बताया कि संपन्न हुई इस सब जूनियर राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में नगर के जूडो खिलाड़ी जानवी गौर, आर्यवीर



नागवंशी, अविरल सिंह ने अपने खेल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए वहीं अनिका चौरसिया, समृद्धि सिगोटिया , उदित राज ने रजत पदक तथा इर्तिका कशफ, अंश श्रीवास, अराध्य साहू, अरमान लोधी, आशी वरकड़े आदि ने कांस्य पदक प्राप्त कर जबलपुर को गौरवान्वित किया। श्री खान ने आगे बताया कि प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त यह तीनों खिलाड़ी 18 से 21 जनवरी तक पूना में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।खिलाड़ियों की इस सफलता पर मध्य प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह संधि, कुरुष दिनशा, प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. पूर्णिमा बिसे आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**नव वर्ष हाई-स्पीड क्रांति का अग्रदूत-कोटा डिवीजन में वंदे भारत के सफल परीक्षणों के दौरान 180 किमी/घंटा की अधिकतम गति प्राप्त की**

# वंदे भारत जल्द ही लंबी दूरी के रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे नये साल में देश में यात्रियों के लिए तेज़ और सुरक्षित रेल यात्रा लाने के लिए तैयार है। छोटी और मध्यम दूरी की चेयर कार ट्रेनों में यात्रा करने वाले लोगों को तेज़, सुरक्षित और विश्व-स्तरीय यात्रा का अनुभव देने के बाद, भारतीय रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए भी इसे साकार कर रहा है।

**आरामदायक यात्रा के साथ अधिकतम गति 180 किमी प्रति घंटा**

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की है। जनवरी के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेंगे। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी।

कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक



वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। वीडियो में पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को समाप्त हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी भरी हुई स्थिति में अधिकतम गति प्राप्त की।

गुरुवार को राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। ??वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ये परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा।

**वंदे भारत- गति और सुखद यात्रा के साथ लंबी दूरी की रेल यात्रा में बदलाव**

इन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजे, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाई-फाई और विमान जैसी डिज़ाइन जैसी सुविधाओं के साथ डिज़ाइन किया गया है। देश में यात्री पहले से ही मध्यम और छोटी दूरी पर चलने वाली 136 वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से शयन सीटों और विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव का आनंद ले रहे हैं।

# ग़ाज़ी बाग़ में महिलाओं का जलसा 5 जन. को

**मुफ़्ती नईम अख़्तर मिस्बाही बुख़ारी शरीफ़ का दर्स देंगे**

तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग़ाज़ी बाग़ मैदान रद्दी चौकी में रविवार 5 जनवरी को जश्ने रिदाद फ़ज़ीलत व इफ्ता और जश्ने खत्मे बुख़ारी शरीफ़ का आयोजन किया गया है. सिर्फ औरतों के लिए आयोजित इस जलसे की सरपरस्ती मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी करेंगे. सैय्यद उल हुफ्फ़ाज़ इमामे आज़म लिल्बनात (निस्बां), सुल्तान उल खुतबा हज़रत अल्लामा हाफ़िज़ मुफ्ती नईम अख्तर कादरी मिस्बाही खत्मे बुख़ारी शरीफ़ का दर्स देंगे. ख़तीब ए बेमिसाल मुफ़्तिया उम्मुल वरा हज़ारी बाग़ झारखण्ड की ख़तिाबत में और रईसुल मुअल्लिमात, अहलिया मोहतरमा हज़रत नईम अख्तर कादरी मिस्बाही मुफ़्तिया माहे नूर की ज़ेरे सरपरस्ती में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक जलसे का अहतिमाम किया गया है. इस मौके पर हज़रत मौलाना मुहम्मद ज़ीशान रज़ा मिस्बाही की दस्तारबंदी की जाएगी. ख़्वातीन हज़रात से जलसे में शिरकत की गुज़ारिश की गयी है.

# ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स इंदौर सर्किल द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किये ऊर्जा संरक्षण जागरुकता शिविर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंदौर। ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स इंदौर के अंतर्गत आने वाले टी.एल.एम. उपसंभागो द्वारा विभिन्न शासकीय विद्यालयों में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक, सजग और सचेत रहने के लिये सरल भाषा में आवश्यक जानकारियां दी गई एवं विद्यालयों में ऊर्जा संरक्षण संबंधित स्टीकर, पम्पलेट भी वितरित किए गए। एम पी ट्रांसको इंदौर की अधीक्षण अभियंता श्रीमति नीलम खन्ना की पहल और मार्गदर्शन में यह जागरूकता अभियान इंदौर, मंदसौर, राजगढ, छैगांव, जुलवानिया, निमरानी, सुवासरा आदि जगह आयोजित किये गये। इन आयोजनो में विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों एवं समस्त विद्यार्थियों ने उत्साह और उत्सुकतापूर्वक ऊर्जा संरक्षण के महत्व, विद्युत बचाने के तरीके और ऊर्जा संरक्षण के प्रति सभी को प्रेरित करने की आवश्यकता को समझा। विद्यार्थियों ने बारीकी से स्टार रेटिंग वाले फ्रिज, वाशिंग मशीन, पंखे, कूलर आदि के उपयोग से बिजली बचत की प्रक्रिया समझी और ''बिजली का बचत ही बिजली का उत्पादन है'' के स्लोगन को समझते हुये बिजली बचत की शपथ ली। इंदौर सर्किल के सहायक अभियंता श्री गौरव गोयल लाइन स्टाफ श्री प्रकाश प्रजापति आदि ने मंदसौर क्षेत्र में विशेष प्रयास कर ऊर्जा संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने का उल्लेखनीय कार्य किया।

# शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले- अर्चना सैनी



जन्म- महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में पिताश्री खंडोजी नेवसे के परिवार में माताश्री लक्ष्मीबाई की पावन कोख से विलक्षण पुत्री सावित्री बाई का जन्म 03 जनवरीए 1831 को हुआ था।

विवाह रूरू सावित्रीबाई का विवाह 09 वर्ष की अल्पायु में सतारा के गोविंद राव फुले व चिमना बाई के 13 वर्षीय नाबालिग पुत्र ज्योतिबा राव फुले के साथ 1840 में हुआ।

शिक्षा दीक्षा रूरू महामना महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने अपनी जीवन साथी को विवाह के शुरुआत में ही खेत में आम के पेड़ के नीचे बालू मिट्टी पर पढ़ाना शुरू कर दिया और उसके बाद रूढ़िवाद का विरोध करके बाजाप्ता नाम लिखवा कर सावित्री बाई को आठवीं कक्षा तक की शिक्षा दिलवाई।

देश में महिला शिक्षा की शुरुआतरूरू आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले ने भारत में रूढ़िवादी परम्पराओं के विरूद्ध महिलाओं को शिक्षा देने का बीड़ा उठाया और 01 जनवरीए 1848 को महिलाओं को शिक्षा देने के लिए बालिका विद्यालय की स्थापना की जिसका धर्म के ठेकेदारों ने जमकर विरोध कियाए लेकिन सावित्री बाई फुले के अदम्य साहस के आगे उनकी एक ना चली। उन्होंने 9 छात्राओं के साथ अपने प्रथम बालिका विद्यालय की शुरुआत की उनके विद्यालय की प्रथम छात्राओं के रूप में अन्नपूर्णा जोशी ;5 वर्षद्धए सुमति मोकाशी ;4 वर्षद्धए दुर्गा देशमुख ;6 वर्षद्धए माधवर धते ;6 वर्षद्धए सोनू पँवार ;4 वर्षद्ध और जानी करडिले ;5 वर्षद्ध एवम अन्य ने विद्यालय में दाखिला लिया। मजदूर शिक्षा रूरू मजदूरों को शिक्षा देने के लिए सावित्रीबाई ने रात्रि कालीन विद्यालयों का संचालन भी किया। वंचितों के लिए शिक्षा का सैलाब रूरू महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई ने पिछड़ों.महिलाओं के लिए 71 शिक्षण संस्थान खोलकर शिक्षा जगत में क्रांति का बिगुल बजा दिया। देश के प्रथम प्रसूति ग्रह की स्थापनारूरू समाजसेविका सावित्रीबाई ने बाल हत्या और बाल विधवा हत्या को रोकने के लिए देश में पहला अवैध प्रसूति केन्द्र खोलकर बालिकाओं और विधवाओं का जीवन बचाने का दुसाहस किया। विदित हो कि रूढिवादी परम्पराओं के अनुसार लड़कियों का जन्म अशुभ माना जाता थाए और विधवाओं को असामाजिक तत्व गर्भवती कर देते थेए ऐसी शोषित विधवा महिलाएं वहाँ अपने बच्चों को जन्म देकर सुरक्षित हो जाती थीं। अछूतों के लिए कुआँ खुदवाया रूरू जाति व्यवस्था इतनी अमानवीय थी कि अछूतोंए शोषितोंए गरीबों के लिए सार्वजनिक कुओं से पानी भरना बिल्कुल मना था। वो दूसरों की दया पर निर्भर थे। ऐसी निंदनीय व्यवस्था को ठोकर मारकर जल दायनी सावित्रीबाई ने जातिवादियों के भारी विरोध को दर किनार कर वंचितों के लिए अलग से कुआँ खुदवाकर जल की व्यवस्था की। सफाई कर्मियों का सामाजिक सुधार रूरू सावित्री बाई ने सफाई कर्मियों के सामाजिकए स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी सुधार के लिए भी काम किया। अवकाश के दिन उनके घरों पर जाकर जानकारी लेती थी और उनके बेहतर जीवन के लिए काम करती थी। अकाल पीड़ितों की पालनहार रूरू 1876.1877 में पूना में भयंकर अकाल पड़ा था। उस अकाल से प्रभावित लोगों की मदद के लिए अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ धनाढ्य लोगों से चंदा लेकर जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया तथा 52 अन्न राहत शिविर खोले प् विधवा कल्याण के लिए कार्य रूरू हिन्दू धर्म में विधवाओं की स्थिति बहुत दयनीय थी। उन्हें पुनर्विवाह की पूर्णता मनाही थी । विधवा होते ही उनके सिर के बाल काट दिये जाते थेए उन्हें खाने के लिए रुखा सुखा एवं बचा खुचा खाना दिया जाता था तथा उनको मकान के एक कोने में सफेद कपड़े पहनकर रहना पड़ता थाए तथा उन्हें हंसने मुस्कुराने तथा अन्य लोगों से बातचीत करने की पूर्णता मनाही होती थीए जिसका सावित्री बाई ने घोर विरोध किया तथा उनके सुधार के लिए कार्य किए

विधवा विवाह की शुरुआत रूढ़िवादी समाज के घोर विरोध के बावजूद अपने क्रांतिकारी जीवन साथी महात्मा ज्योतिबा राव फुले के साथ मिलकर बिना ब्राह्मणों के विधवा पुनर्विवाह करवाना शुरू किया। नाइयों के हक के लिए संघर्ष रूरू ब्राह्मण नाइयों से बाल कटवाने के अलावा निमंत्रण भी दिलवाने का काम करते थेए परन्तु उनका उचित हिस्सा नहीं देते थे तो इसके लिए माता सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर नाइयों की हड़ताल की और उन्हें उनका उचित हिस्सा दिलवाने के लिए काम किया। शराब विरोधी आंदोलन रूरू गरीबए मजदूर लोग शराबखोरी में रिश्वतखोर हाकिमों के शिकार हो जाते थे और उनके परिवार दुखी होते थेए जिसके विरोध में भी सावित्री बाई ने सफलतापूर्वक आंदोलन चलाया । साहित्यकार रूरू आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई ने लोगों को उचित मार्गदर्शन के लिए साहित्य का सर्जन किया। ' प्लेग रोगियों की सेवा करते हुए परहित में परिनिर्वाण ' 1897 में अपने देश में आए भयंकर प्लेग रोग में अपने डॉक्टर दत्तक पुत्र की सहायता से अपने जीवन की बिना परवाह किए बिना किसी डर के अपने जीवन को दांव पर लगा दिया और प्लेग रोगियों की सेवा करते हुए 10 मार्च 1897 को उनका परिनिर्वाण हो गया

**' गूगल द्वारा गूगल डूडल पर सम्मान**

3 जनवरी 2017 को माता सावित्रीबाई फुले के 189 वे जन्मदिवस पर गूगल ने उनका गूगल डूडल प्रसिद्ध कर उन्हें अभिवादन किया थाए माता सावित्रीबाई फुले को शत शत नमन और उनके 197 वें जन्म जयंती की सभी को अर्चना सैनी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी



भोपाल-नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरुवार को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ममलेश्वर मन्दिर के भी दर्शन किए। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने माँ नर्मदा के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर माँ नर्मदा को प्रणाम किया।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की नर्मदापुरम संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा

### जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में जरूरी विकास कार्य प्राथमिकता से कराएं

# शत-प्रतिशत जनसंतुष्टि ही सरकार का मूल ध्येय- मुख्यमंत्री

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन के जरिए लोक कल्याण ही सरकार का मूल ध्येय है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे प्रयासों का अधिकतम लाभ जनता को ही मिले। राज्य सरकार इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। जनता के कल्याण के लिए हम दिन-रात काम करेंगे। सरकार इस काम से कभी पीछे नहीं हटेगी। हम अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग जनकल्याण के लिए करेंगे। जनता की शत-प्रतिशत संतुष्टि ही हमारा पुण्य फल और पारितोषिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को नर्मदापुरम संभाग में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने में सरकार को समुचित सहयोग भी करें।

मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, वरिष्ठ विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, विधायक श्री विजय पाल सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन, मिश्रा, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता से जुड़े कार्यों को पूरा कराने में विशेष रूचि लें। सुशासन के जरिए ही जनता का सरकार पर भरोसा कायम रहता है। हम अपने क्षेत्र में सुशासन के जरिए जनकल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के 5-5 प्रमुख बड़े निर्माण कार्यों सहित अन्य प्रस्ताव लिखित में दें। सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराएगी और प्रस्तावों पर समुचित निर्णय लेगी।

जनकल्याण अभियान से जुड़े, पात्र हितग्राहियों को दिलाएं लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम संभाग क्षेत्र के विधायकों से गत 11 दिसम्बर 2024 से चल रहे जनकल्याण अभियान के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यह जनता के कल्याण का अभियान है, जो जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के बगैर पूरा नहीं हो सकता। जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं और उनसे अभियान के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में व्यक्तिश॰ जानकारी लें। प्रयास करें कि सभी पात्र हितग्राहियों को अभियान का लाभ मिले। यदि किसी समस्या के कारण हितग्राही को हितलाभ देने में कठिनाई आ रही है, तो कलेक्टर, कमिश्नर या शासन स्तर से मार्गदर्शन लेकर उसका निराकरण कराएं।

विजन डाक्यूमेंट भेजें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन विधायकों ने अब तक अपनी विधानसभा क्षेत्र का विजन डाक्यूमेंट (विकास का रोडमैप) तैयार नहीं किया है, वे जल्द से जल्द डाक्यूमेंट तैयार कर उन्हें (मुख्यमंत्री सचिवालय को) भेज दें। सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विजन डाक्यूमेंट पर गंभीरता से काम कर रही है। बैठक में वर्चुअली जुड़े जनप्रतिनिधियों ने नर्मदापुरम में गत माह 7 दिसम्बर को सम्पन्न हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव पर हर्ष जताया और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार माना। नर्मदापुरम के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी नर्मदापुरम प्रवास पर मुख्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

विधायकों से वन-टू-वन चर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायकों से भी वन-टू-वन चर्चा की। विधायक सोहागपुर ने माखन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कर 50 बिस्तरीय अस्पताल स्वीकृत करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को मांग अनुरूप शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तहसील बनखेड़ी में शासकीय आईटीआई केन्द्र खोले जाने की मांग पर तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। सोहागपुर विधायक द्वारा एसडीएम कार्यालय सोहागपुर एवं माखन नगर के साथ अन्य विभागों के नवीन कार्यालय भवन के निर्माण के लिए 10 करोड़ रूपए मंजूर करने की मांग रखी गई। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव राजस्व को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर नर्मदापुरम द्वारा संभाग में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रस्तावों पर अमल की जानकारी दी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



भोपाल (आरएनएस) स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने गुरूवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान में 2 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 35 प्रदेशों के लगभग 1391 छात्र हॉकी एवं शूटिंग खेलों में भाग लेंगे।

मंत्री श्री सिंह ने प्रतिभागियों, उनके पालकों एवं प्रशिक्षकों का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की विविधता को दर्शाता है। विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, पहनावे एवं धार्मिक मान्यताओं का संगम हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि खेल में जीत महत्वपूर्ण है, लेकिन पराजय के बाद पूरी तैयारी और नई चुनौती के साथ आगे बढ़ना ही असली खेल भावना है। उन्होंने कहा कि विजेता को बधाई मिलनी चाहिए, लेकिन हारने वाले भी अगली बार के लिए मेहनत करें तो जीत सुनिश्चित होगी।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भोपाल को हॉकी की राजधानी कहा जाना उचित होगा क्योकि यहां से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हॉकी ने सबसे अधिक गोल्ड मेडल दिलाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए फिट इंडिया मूवमेंट के बाद देश में खेल क्रांति आई है। ओलंपिक, वर्ल्ड गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। मंत्री श्री सिंह ने युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे आयोजनों से बड़े खिलाड़ी निकलते हैं, जैसे हाल ही में मनु भाकर ने विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में खेल गतिविधियों, बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। शासकीय विद्यालयों में भी खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। आने वाले समय में मध्यप्रदेश खेलों के लिए एक आदर्श प्रदेश बनेगा।

इस अवसर पर नेशनल स्कूल गेम्स के ऑब्जर्वर डॉ. मुकेश अग्रवाल, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय श्रीमती मनीषा सेतिया, और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय श्री अरविंद चोरगड़े भी उपस्थित रहे।

### शहर के पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की भूमिका निभायेंगीं शक्ति दीदी

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने शक्ति दीदी के रूप में जिला प्रशासन की पहल

भोपाल (आरएनएस) गुरूवार, जनवरी 2, 2025, 21꞉20 ढ्ढस्ञ्जमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में ग्वालियर जिले में शक्ति दीदी के नाम से जिला प्रशासन द्वारा यह प्रेरणादायी पहल की गई है। जिन महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल वर्कर के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है, वे ऐसी महिलायें हैं जो अपनों द्वारा उपेक्षित हैं अथवा जिनके पति का असमय निधन हो चुका है। पेट्रोल पंप संचालकों ने इस सराहनीय पहल में सहयोग करने का भरोसा दिलाया और कहा कि वे अपने पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी के रूप में अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी रोजगार देंगे। ग्वालियर शहर के पाँच व्यस्ततम पेट्रोल पंपों पर नए साल के दूसरे दिन गुरुवार को पाँच महिलाओं ने 'शक्ति दीदी' के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा संभाला।

ग्वालियर के पड़ाव आरओबी के समीप स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने श्रीमती जयश्री हालदार को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपी। इसी तरह संस्कृति पेट्रोल पंप न्यू कलेक्ट्रेट पर अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने श्रीमती रानी शाक्य, दर्शन फ्यूल स्टेशन पिंटो पार्क पर अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने श्रीमती प्रीति माझी एवं सांई राम पेट्रोल पंप चेतकपुरी पर एडीएम श्री टी.एन. सिंह ने श्रीमती निशा परिहार का स्वागत कर उन्हें शक्ति दीदी का दायित्व सौंपा। महिला फ्यूल वर्कर के रूप में तैनात शक्ति दीदी की ड्यूटी की अवधि प्रात꞉ 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रहेगी।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुविधा पेट्रोल पंप की शक्ति दीदी श्रीमती मीना जाटव का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। जिला प्रशासन सहयोग के लिये सदैव तत्पर रहेगा। साथ ही पुलिस के सहयोग से आपकी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने इस अवसर पर शहरवासियों का आह्वान किया कि वे पेट्रोल पंपों पर अपने वाहन में तेल भरवाते समय फ्यूल वर्कर की भूमिका निभा रही शक्ति दीदी का सम्मान और हौसला अफजाई करें, जिससे उनका मनोबल बढ़े।

# रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर मिलेगा खजराना गणेश का प्रसाद

इंदौर (आरएनएस)। प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर का प्रसाद नए साल में भक्तों के लिए रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी उपलब्ध होगा। खजराना गणेश मंदिर में विशेष रूप से लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद मंदिर समिति द्वारा भोजशाला में शुद्ध देसी घी, ड्रायफ्रूट और बेसन से तैयार किया जाता है। भक्तों के बीच खजराना मंदिर के लड्डू की मांग बढ़ रही है। खजराना गणेश भगवान क कई भक्त देश-विदेश में हैं, जो इस लड्डू प्रसाद को भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। खजराना गणेश मंदिर के लड्डू प्रसाद की महत्ता उज्जैन के महाकाल मंदिर के प्रसाद जैसी मान जाती है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर इसकी कीमत 320 रुपए रखी गई है, ताकि इसे भक्तों को बिना लाभ-हानि क उपलब्ध कराया जा सके। मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला ने बताया कि भक्तों द्वारा लगातार रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर प्रसाद काउंटर खोलने की मांग की जा रही थी। कई बार फीडबैक के माध्यम से यह सुझाव मंदिर प्रबंधन को मिला। वहीं, मंदिर समिति द्वारा उज्जैन के महाकाल मंदिर में लगाए गए प्रसाद एटीएम का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि खजराना मंदिर में भी लड्डू प्रसाद एटीएम लगाए जा सके। घनश्याम शुक्ला ने बताया कि पिछली बैठक में रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर काउंटर खोलने का प्रस्ताव रखा गया था,

### मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

# विद्यार्थियों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार सभी पात्र नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया को 15 जनवरी तक पूर्ण किया जाए। जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया को समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन एवं काउंसिल की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कि 31 दिसंबर 2024 से काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 14 जनवरी 2025 को संपन्न की जाएगी। सभी शासकीय एवं अशासकीय नर्सिंग कॉलेजों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था लागू की गयी है। संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) श्री मनोज सरियाम, रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिंग श्री के.के. रावत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन को चिन्हित करने विशेष शिविरों का आयोजन 7 से 13 जनवरी तक होगा

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भोपाल शहर के दिव्यांगों के चिन्हांकन, परीक्षण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिविर 7 जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किये जायेंगे।

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आर.आर. भोसले ने बताया कि एडीआईपी योजना के तहत इन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत चिन्हित कर उन्हें सहायक उपकरण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। भोपाल में 7 जनवरी को भेल दशहरा मैदान में, 8 जनवरी को सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड वार्ड-19 और बाजपेई नगर योगा सेंटर, वार्ड-10 में 9 जनवरी को जोन कार्यालय जोन-21 में, 10 जनवरी को अशोका गार्डन दशहरा मैदान में, 11 जनवरी को कार्यालय प्रांगण कोलार वार्ड 82 तथा 13 जनवरी को अन्य निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाये जायेंगे।

**चार जनवरी से नया सिस्टम बन रहा**

भोपाल(आरएनएस)। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चार जनवरी स एक नया पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। जिसका असर पहले हिमाचल और बर्फीले क्षेत्रों में होगा।

### आरडीएसएस के तहत मालवा-निमाड़ के जिलों में सतत मिल रही सौगातें

# नए वर्ष के तीन माह में पश्चिम मप्र में पच्चीस नए ग्रिडों से बिजली

भोपाल (आरएनएस) नए वर्ष 2025 के पहले तीन माह में पश्चिम मप्र के इंदौर सहित मालवा निमाड़ के विभिन्न जिलों में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत पच्चीस नए ग्रिड तैयार किए जाएंगे। इनसे बिजली वितरण भी प्रारंभ हो जाएगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आदेशानुसार नए ग्रिडों को समय पर तैयार कर आम लोगों को गुणवत्ता से बिजली प्रदाय के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि जनवरी से मार्च-2025 तक तीन माह में 25 नए ग्रिडों को पूर्णत: तैयार कर चार्ज करने के आदेश दिए गए हैं। इन ग्रिडों में इंदौर जिले के गंगा डेम और गारी पिपलिया का 33/11 केवी का ग्रिड शामिल हैं। देवास जिले के शेरगुना और देवला बछाल गांवों में भी नए ग्रिड अगले तीन माह में तैयार हो जाएंगे, और उपभोक्ताओं को फायदा मिलने लगेगा। इसी तरह अन्य जिलों में भी आरडीएसएस के अंतर्गत नए 5 एमवीए क्षमता के नए ग्रिड तैयार हो जाएंगे। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इन 25 ग्रिडों के समय पर तैयार कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं, ताकि वित्तीय वर्ष के समापन यानि मार्च अंत तक इन ग्रिडों का शत प्रतिशत कार्य हो जाए। इन नए ग्रिडों को मिलाकर आरडीएसएस के तहत कंपनी क्षेत्र में कुल 80 नए ग्रिड होंगे। आरडीएसएस के तहत दिसंबर अंत तक जो ग्रिड तैयार होकर बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। इंदौर शहर एवं इंदौर ग्रामीण क्षेत्र के ईमलीखेड़ा, बड़ियाकीमा बिचौली क्षेत्र, महेश्वर रोड गुलझेरा, राजोदा, सुपर स्पेशलिटी एमवाय के पास, देवास नाका, रसोमा विजय नगर के पास, जीत नगर बिलावली ग्रिड शामिल हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इसी तरह अन्य जिले/ विद्युत वृत्त के अधीन ग्राम राबड़िया, करोदिया, खूंटखेड़ा, भैसायगढ़ा, बेहलोला, परसोली, रजला, निंवोबडिया खुर्द, खेड़ा पहाड, जीवन खेड़ी, मोहम्मद खेड़ा, राजाखेड़ी, गोदना, गेलाखेड़ा, कमलिया, नायन, बरखेड़ी, कनाडिया, अभिनंदन नगर, पुलिस लाइन मालीखेड़ा, जवासिया, सोयत खुर्द, गुर्जर बर्डिया, अंबा शेरपुर, बावनगजा आदि के 33/11केवी के नए 5 एमवीए क्षमता के ग्रिड पूर्णत: तैयार होकर आमजनों के उपयोग के लिए बिजली प्रदान कर रहे हैं।

# मध्यप्रदेश के कपिल परमार और रुबीना फ्रांसिस को अर्जुन अवार्ड

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने दी बधाई



भोपाल (आरएनएस) मध्यप्रदेश के दो पैरालंपिक खिलाड़ी सुश्री रूबीना फ्रांसिस और श्री कपिल परमार ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों को भारत के प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार अर्जुन अवार्ड'' से सम्मानित किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने इस बड़ी उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। दोनों खिलाड़ियों की लगन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस राष्ट्रीय पुरस्कार को हासिल करने के काबिल बनाया है। श्री सारंग ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि हमारे अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी। उल्लेखनीय है कि रुबीना जबलपुर की रहने वाली है और कई साल से एमपी शूटिंग एकेडमी भोपाल में ट्रेनिंग ले रही हैं, वहीं कपिल परमार सीहोर के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पेरिस पैरालंपिक 2024 के मेडलिस्ट हैं। कपिल परमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 5 सितंबर 2024 को मेंस के -60 किग्रा छ्व1 वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसी के साथ वे जूडो में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। पेरिस पैरालंपिक 2024 में रुबिना ने 10 मीटर एयर पिस्टल स॥1 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। रुबिना एमपी की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने पैरालंपिक में पदक हासिल किया है।

**राष्ट्रपति 17 जनवरी को पुरस्कार प्रदान करेंगी**


युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति पुरस्कार विजेताओं को 17 जनवरी, 2025 सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद, सरकार ने विभिन्न खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विश्वविद्यालय और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है। %खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार% पिछले चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन तथा नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन की भावना दिखाने के लिए दिया जाता है। अर्जुन अवार्ड के लिए आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे और खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/ संस्थाओं को



ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। इस वर्ष इन पुरस्कारों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामसुब्रमण्यम की अध्यक्षता वाली चयन समिति द्वारा विचार किया गया और इसमें प्रख्यात खिलाड़ी, खेल पत्रकारिता में अनुभव रखने वाले गणमान्य व्यक्ति और खेल प्रशासक शामिल थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुम्भ महज एक मेला नहीं, बल्कि करीब डेढ माह तक चलने वाला मिलन और सत्संग का महापर्व है। देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस पर्व के विषय में जानना अति आवश्यक है, ताकि वह महाकुम्भ के महात्म्य और मूल को समझ सकें और अधिक से अधिक इसका पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। तीर्थ राज प्रयाग में प्रयाग पुत्र के नाम से फेमस राकेश कुमार शुक्ला ने महाकुम्भ को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ डिजिटल डिटॉक्स होने के साथ साथ पतित को पावन बनाने का पर्व है।



## विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्ट्रपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।

दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नजर उस यात्रा पर रहेगी। फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है।

# जगहंसाई से बचने के लिए नेता निकालें समाधिस्थल का समाधान

देश में नेताओं की फितरत में शामिल हो चुका है किसी न किसी वजह से विवादों को जन्म देना। इसके लिए किसी का जन्म-मरण भी नहीं देखा जाता। विवादों के चलते राजनीति इतने निचले स्तर पर जा चुकी है कि दिवंगत विभूतियों को भी नहीं बख्शा जाता। इसमें नेताओं का अहम और राजनीतिक आड़े आ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह भी इसी राजनीति का शिकार हो गए। सिंह की चिता की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई है कि उनकी समाधी स्थल को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और कांग्रेस तथा विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लग गए। दिल्ली में सिंह के स्मारक के लिए जगह को लेकर कांग्रेस और सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

सिंह के स्मारक के मुद्दे पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को देश के महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया है। राहुल गांधी के मुताबिक आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में असम्मान और कुप्रबंधन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि डीडी (दूरदर्शन) को छोड़कर किसी भी समाचार एजेंसी को अनुमति नहीं दी गई। डीडी ने मोदी और शाह पर ध्यान केंद्रित किया। सिंह के परिवार को बमुश्किल ही कवर किया। उन्होंने दावा किया कि सिंह के परिवार के लिए केवल तीन कुर्सियां सामने की पंक्ति में रखी गईं। कांग्रेस नेताओं, सिंह की बेटियों और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के लिए सीट की व्यवस्था की खातिर जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इस महान राजनेता के साथ इस अपमानजनक व्यवहार से सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता उजागर होती है। खेड़ा ने दावा किया कि हैरानी की बात यह रही कि जब भूटान के नरेश खड़े हुए, तो प्रधानमंत्री मोदी खड़े नहीं हुए। अंतिम संस्कार की रस्में निभाने वाले पोतों को चिता तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा तथा विदेशी राजनयिकों को कहीं और बैठाया गया और वे नजर नहीं आए। कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा कैसे पीछे रह सकती थी। यह देखे बगैर की इस मुद्दे पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भद्द पिटेगी, भाजपा पलटवार करने में पीछे नहीं रही। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे देश के पूर्व प्रधानमंत्री सम्मानीय मनमोहन सिंह जी के दुखद देहावसान पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस की इस घटिया सोच के लिए जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीते-जी कभी भी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, लेकिन अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। इस विवाद में आम आदमी पार्टी भी कूद पड़ी। (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किया गया। इसके पूर्व भारत के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। केजरीवाल ने सवाल किया कि सिख समाज से आने वाले और पूरी दुनिया में ख्यातिप्राप्त 10 वर्ष भारत के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए भाजपा सरकार 1000 गज़ जमीन भी न दे सकी? कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक भी बन सके। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी। आश्चर्य यह है कि अतिविशिष्ट व्यक्तियों के स्मारक के बारे कायदे-कानून का फैसला मनमोहन सिंह की ही सरकार ने वर्ष 2013 में लिया था। इसके मुताबिक दिल्ली में वीवीआईपी के लिए अलग से कोई स्मारक नहीं होगा और राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों जैसे दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के स्मारकों के लिए एक साझा परिसर बनाने का फैसला किया था। यूपीए सरकार ने राजघाट के पास अलग-अलग समाधियों के निर्माण पर रोक लगाने का फैसला लिया था। सिंह के समाधिस्थल को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री रहे नरसिम्हा राव की समाधि को लेकर किए गए बर्ताव को भूल गई।

## नदी जोड़ो अभियान, एक सदी का सपना!

भूपेन्द्र गुप्ता

नदी जोड़ो अभियान आज चर्चा का विषय है। इसका श्रेय सभी पार्टियों लेने की कोशिश भी करती हैं लेकिन इन परियोजनाओं का इतिहास 100साल से भी अधिक पुराना है।इस इतिहास को जानकर यह समझा जा सकता है कि सपनों के फलीभूत होने में सैकड़ों साल की तपस्या शामिल होती है ।इसमें कोई एक व्यक्ति अकेला नहीं है,बल्कि सरकारों के निरंतर और सकारात्मक प्रयास हैं।हालांकि गुलाम भारत मे 1900 के दशक में एक अंग्रेज इंजीनियर आर्थर कॉटन ने भारत की नदियों को जोडने की कल्पना की थी ।उसका उद्देश्य था कि नदियों के अतिरिक्त जल से बड़ी-बड़ी नहरें बनाकर जल मार्गों की वृद्धि की जा सकती है जिससे ब्रिटिश सरकार को व्यापारिक सुविधा मिलेगी तथा दक्षिण भारत के तथा उड़ीसा के सूखे से निपटा जा सकेगा और वहां पर अतिरिक्त जल भेज कर उत्पादन में वृद्धि भी की जा सकेगी ।किंतु इसमें आने वाले खर्च को देखकर ब्रिटिश हुकूमत भी आगे नहीं बढ़ी और यह ठंडे बस्ते में चली गई। देश आजाद हुआ और राष्ट्र निर्माण की योजनायें बननी शुरू हुईं ।गरीबी संसाधनों के अभाव और तकनीशियनों की कमी से प्रथमिकताये आगे बढ़ती गईं। आजादी के लगभग 23 साल बाद जब इंदिरा जी की सरकार में डा् के एल राव जो कि बांध बनाने वाले इंजीनियर थे,सिंचाई मंत्री बने तब उन्होंने आर्थर काटन के इस सपने से धूल झाड़ी और इंदिरा जी के सामने रखा।कांग्रेस ने 1970 में इस योजना को नये दृष्टिकोण से जीवित किया। डा. के एल राव की सोच थी कि जो हिमालयीन नदियां हैं उनमें ग्लेशियरों के पिघलने के कारण गर्मियों में अतिरिक्त जल होता है और बाढ़ आती है जबकि प्रायद्वीपीय नदियां गर्मियों में सूख जाती हैं और उनमें बरसाती मौसम में बाढ़ आती है अत॰ हिमालयीन नदियों और प्रायद्वीपीय नदियों की आपस में जोड़ दिया जाता है तो सूखे के मौसम में जल की उपलब्धता बनी रह

## चेक बाउंस के ही 45 लाख से अधिक मामलें न्यायालयों में विचाराधीन

अदालतों में लंबित मुकदमों के अंबार को इसी से समझा जा सकता है कि देश में 5 करोड़ से अधिक मुकदमों में वादी प्रतिवादी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि इनमें से एक लाख 80 हजार मामलें तो 30 साल से भी अधिक समय से लंबित चल रहे हैं।

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि देश के न्यायालयों में 45 लाख से अधिक मामलें केवल और केवल चेक बाउंस होने से संबंधित है। अदालतों में लंबित मुकदमों में करीब 9 प्रतिशत मामलें तो चेक बाउंस के ही है। इसमें भी सर्वाधिक 6 लाख से अधिक मामलें राजस्थान में विचाराधीन है वहीं राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य है जहां चेक बाउंस के सर्वाधिक मामलें विचाराधीन है। न्यायालयों में मुकदमों के बोझ को लेकर न्यायपालिका से लेकर सरकार और इससे जुड़े लोग सभी चिंतित है। देश के न्यायालयों में कुल 5 करोड़ से अधिक मामलें लंबित चल रहे हैं। लगातार सुधारों और सकारात्मक प्रयासों के बावजूद न्याय की प्रतीक्षा में इतनी अधिक संख्या में प्रकरणों का बकाया होना इस मायने में भी चिंता का कारण है कि न्यायालयों पर मुकदमें को बोझ कम होने के स्थान पर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह सब तो तब है जब लोक अदालतों का समय समय पर लगातार आयोजन किया जा रहा है। दरअसल कुछ इस तरह के मुकदमें है जो सबसे अधिक न्याय के मंदिर का बोझ बढ़ा रहे हैं। ऐसे मुकदमों के निस्तारण की दृष्टि से यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले मुकदमों के निस्तारण का जो रास्ता अख्तियार किया गया है वह निश्चित रुप से सराहनीय और न्यायालयों के बोझ को कम करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास माना जा सकता है। यदि चेक बांउस वाले मामलों को भी इसी तरह से निपटान का कोई रास्ता निकल सके तो न्यायालयों में मुकदमों के अंबार को निष्चित रुप से कम किया जा सकता है।

न्यायपालिका और सरकार न्यायालयों में मुकदमों के अंबार से चिंतित होने के साथ ही समाधान की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। चेक बांउस जैसे मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए सुझाव देने के लिए 10 मार्च, 21 को दस सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई समिति ने नेगोशियेबल इंस्ट्रूमेंटल कोर्ट बनाने की सलाह के साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के रुप में स्थापना के सुझाव भी दिए और पायलट प्रोजेक्ट के रुप में करीब25 कोर्ट बने भी। पर परिणाम सामने नहीं आ सके हैं। अदालतों में लंबित मुकदमों के अंबार को इसी से समझा जा सकता है कि देश में 5 करोड़ से अधिक मुकदमों में वादी प्रतिवादी न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि इनमें से एक लाख 80 हजार मामलें तो 30 साल से भी अधिक समय से लंबित चल रहे हैं। देश के सबसे बड़े न्याय के मंदिर में 80 हजार से अधिक मामलें लंबित है। एक मोटे अनुमान के अनुसार लंबित न्यायालयों में से करीब 85 प्रतिशत से अधिक मामलें तो जिला अदालतों में विचाराधीन है। करीब 25 प्रतिशत मामलें राजस्व से जुड़े हैं। यातायात नियमों की अवहेलना के मामलें भी बहुत अधिक संख्या में है

## भगवान के आशीर्वाद के साथ करते हैं नए साल का स्वागत, इन तीर्थ स्थलों में उमड़ती है भारी भीड़

भारत को आध्यात्मिकता और तीर्थ स्थलों की भूमि इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि यहां पर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कई धार्मिक स्थल हैं। इन धार्मिक स्थलों का अपना ऐतिहासिक और पौणाणिक महत्व है। ऐसे में बहुत सारे लोग नए साल की शुरूआत आध्यात्मिक माहौल के साथ करना पसंद करते हैं। लोग नए साल की शुरूआत मंदिर में दर्शन, पूजन और भगवान के आशीर्वाद के साथ करना पसंद करते हैं। इसलिए अधिकतर लोग नए साल पर मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हमारे देश में ऐसे कई धार्मिक स्थल हैं, जहां पर नए साल के मौके पर काफी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत के उन प्रमुख तीर्थ स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर नए साल साल के मौके पर भक्तों का तांता लगता है।

बता दें कि वैष्णों देवी मंदिर नए साल पर आस्था का केंद्र बन जाता है। मंदिर की कठिन चढ़ाई करके भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कहा जाता है कि नए साल पर मां के दर्शन करने से पूरे साल सुख-समृद्धि बनी रहती है। नए साल के मौके पर यहां लाखों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

## दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है। अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है। इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है। बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है।

## 9 अंक, मंगल और बुध, इनके प्रभाव से जीवन में आएंगे ये अनोखे बदलाव

इंदौर। 2025 का साल भारतीय ज्योतिष में एक खास स्थान रखता है। अंक ज्योतिष के अनुसार इस साल मंगल की ऊर्जा प्रभावी रहेगी, क्योंकि 2025 के सभी अंकों का योग नौ है, जो मंगल के स्वामित्व में आता है। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा के अनुसार यह साल ऊर्जा और उन्नति का प्रतीक होगा।

मंगल के प्रभाव से न केवल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे। नववर्ष की शुरुआत बुध की होरा से होगी, जो अंक पांच से संबंधित है। बुध का प्रभाव इस वर्ष पूरे साल बना रहेगा। इसका असर व्यक्तिगत जीवन से लेकर करियर तक होगा।

मंगल का प्रभाव और रोजगार के अवसर

2025 के अंक ज्योतिष में मंगल की प्रमुख भूमिका रहेगी। मंगल के प्रभाव से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। बेरोजगार युवक इस वर्ष में अपनी ऊर्जा से नई नौकरी की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। भारत सरकार का भी ध्यान इस पर रहेगा,

## एक अच्छे, भले और नेक प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

हरिशंकर व्यास

शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी? भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वही झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है।

उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है।

यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और ले जाने वाली। डॉ. मनमोहन सिंह की शख्सियत कर्तव्यनिष्ठ थी। इतिहास निरपेक्ष थी। शासन के आखिर में जरूर उन्होंने अन्ना हजारे-केजरीवाल-मोदी के भूचालों में अपने मुंह से यह बोला था, उम्मीद जताई थी कि इतिहास उनके प्रति दयालु होगा!


और मेरी राय में उनका इतिहास भारत के आखिरी बुद्धिमान, उम्दा प्रधानमंत्री के नाते अमिट है। एक अच्छे', भले' और नेक' प्रधानमंत्री। और सोचें, इन तीन शब्दों से अधिक मनुष्यों के बीच मनुष्य को और क्या पुण्यता चाहिए!

मैंने बतौर पत्रकार उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी आलोचना की है तो उनकी प्रशंसा भी की। तारीफ खासकर तब जब डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ एटमी करार के लिए अपनी सरकार दांव पर लगाई थी। जिस वाम मोर्चे पर मनमोहन सरकार टिकी थी उसके घोर विरोध, सीपीएम नेता प्रकाश करात द्वारा सैद्धांतिक आधार पर वैयक्तिक प्रतिष्ठा दांव पर लगाने तथा वामपंथी पत्रकारों की चिल्लपों, सोनिया गांधी व अहमद पटेल की चिंताओं के बावजूद मनमोहन सिंह ने एटमी करार किया। भारत का वैश्विक अछूतपन मिटाया। वह फैसला देश की सामरिक चिंता, सुरक्षा, भू राजनीति और वैश्विक जमात में भारत के स्थान के खातिर वैसा ही दुस्साहसी फैसला था जैसा मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की कमान में वित्त नीति में परिवर्तनों का था। मेरा पीवी नरसिंह राव के समय से ऑब्जर्वेशन रहा है कि मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कभी यह नहीं कहा कि उनके कारण आर्थिक सुधार और उदारवाद आया। वे कभी अहंकार में या अनजाने में भी यह नहीं बोले कि मैंने, या मेरे कारण भारत के उदारवादी निर्णय हुए। इसलिए क्योंकि वे पीवी नरसिंह राव की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि और समझदारी के कायल थे। मेरा डॉ. मनमोहन सिंह से कभी नाता नहीं रहा लेकिन मैं पीवी नरसिंह राव, प्रधानमंत्री दफ्तर संभालने वाले भुवनेश चतुर्वेदी, पीवीआरके प्रसाद और इनके घेरे को गहराई से जानता था इसलिए प्रत्यक्ष प्रमाण में सामने था कि कैसे राजनीतिक दबावों, कैबिनेट के भीतर की चुनौतियों और दस, जनपथ की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री के कवच से डा. मनमोहन सिंह ने पहला साहसी बजट पेश किया। कैसे खुद प्रधानमंत्री ने स्वंय उद्योग मंत्रालय संभालते हुए लाइसेंस, परमिट राज को खत्म करने की घोषणाएं कीं!

वह मौनी बाबा की मौन क्रांति थी। तभी स्वतंत्र भारत के इतिहास का सत्य है कि बुद्धि, विवेक और समझदारी के प्रतिमान पीवी नरसिंह राव ने उबलते पंजाब, बागी कश्मीर तथा अराजक उत्तर-पूर्व को सामान्य बनाया तो बाबरी मस्जिद के ध्वंस को भी विवेक से सहा। दिलचस्प संयोग है कि पीवी नरसिंह राव ने पांच साल के आखिर में तथा मनमोहन सिंह ने दस साल शासन के आखिर में, दोनों ने एक जैसे बवंडरों का सामना किया। बावजूद इसके इतिहास दोनों के प्रति दयालु है। दुनिया में यदि भारत के वित्तीय, आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक प्रतिमानों में किसी को याद किया जाता है तो उनमें भारतीय नाम पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के हैं।

अद्भुत है! स्मृति पर जोर डालें। याद करें पीवी नरसिंह राव, के खिलाफ अर्जुन सिंह, फोतेदार, नटवर सिंह, नारायण दत्त तिवारी सहित कांग्रेस के तमाम दरबारियों, वामपंथी-सेकुलर आलोचकों से लेकर हर्षद मेहता, जेठमलानी, अचार कारोबारी लक्खू भाई और विश्वासघाती सीताराम केसरी जैसे चेहरों के बनाए झूठे बवंडर को। सभी को इतिहास मिट्टी की धूल सा मिटा चुका है। और इतिहास में कीर्ति अंकित है तो वह नरसिंह राव की है। ऐसे ही याद करें, मनमोहन सिंह के खिलाफ बवंडर पैदा करने वाले विनोद राय, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी एंड पार्टी को!

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भाग-दौड करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं,

मिथुन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी समान की श्व.रूङ्क. पूरी हो जाएगी, नया समान लेने का भी मन बनायेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी उलझन में पड़े लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज तरक्की के अवसर मिलेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे।


वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे,

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से



आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पीएम मोदी की आपदा सरकार टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। केजरीवाल ने कहा कि जो लोग लोगों के लिए काम करते हैं वे कभी दूसरों का दुरुपयोग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज दिल्ली आकर 43 मिनट का भाषण दिया, 39 मिनट तक उन्होंने दिल्ली की प्रचंड बहुमत से बनी सरकार को गालियां दीं। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें यह बताने में दो से तीन घंटे लगेंगे कि दिल्ली सरकार ने दस साल में कितने काम किए हैं, लेकिन बीजेपी ने ऐसा कुछ नहीं किया है



# नए साल पर केंद्र ने दिया किसानों को तोहफा, खाद पर सब्सिडी बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस)। नए साल में मोदी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक किसानों के नाम रही है। साल के पहले दिन बुधावार को हुई बैठक में डीएपी फर्टिलाइजर के लिए स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी गई। इसके तहत फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों को सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा यह सब्सिडी (स्पेशल पैकेज) 31 दिसंबर 2025 तक दी गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि किसानों को डीएपी का 50 किलो का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। यह वन टाइम पैकेज काफी महत्वपूर्ण है। पड़ोस के देशों में डीएपी का 50 किलो का बैग तीन हजार रुपये से ज्यादा में मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में भले ही कैसे भी स्थिति आ जाए हमें अपने किसानों को सुरक्षित करना है। उनके ऊपर बोझ नहीं डालना है।

उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की है कि डीएपी के नाम पर कुछ लोग किसानों को ठगने का प्रयास करेंगे। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि अगर कोई ऐसा करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पैकेज पर लगभग 3,850 करोड़ रुपये की लागत होगी। साल 2014 से लेकर अब तक कोविड-19 का वह दौर भी आया जब स्थिति काफी खराब थी। लेकिन, हमारी सरकार और पीएम मोदी ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव का खामियाजा न उठाना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ रुपये थी जो 2004-14 के दौरान दी गई सब्सिडी से दोगुनी से भी अधिक है। कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों के लिए न रोकी जा सकने वाली प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा, योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावा गणना और निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

**देश को कांग्रेस और राहुल गांधी की जरूरत, आप ड्रामा पार्टी : बृजभूषण सिंह**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दिल्ली में स्मारक बनाने से जुड़े कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया। पूर्व सांसद ने आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना पर धार्मिक स्थल से जुड़े फैसले लेने के आरोप पर भी तंज कसा। पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दिल्ली में समाधि बनाने में अड़ंगा डाले जाने के कांग्रेस के आरोपों पर कहा कि ये बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। भगवान करें कि कांग्रेस और राहुल गांधी 2025 में सीरियस हो जाएं। देश को उनकी जरूरत है। प्रधानमंत्री का वचन ही मंजूरी है, गृह मंत्री ने भी कह दिया और मंजूरी भी प्रदान कर दी। जब कह दिया तो कह दिया। इसके बाद इन लोगों को राजनीति नहीं करनी चाहिए।

कांग्रेस और राहुल गांधी पर जुबानी हमला करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि लगातार, राहुल गांधी और कांग्रेस ऐसे मुद्दे उठा रही है, जिससे जनता का कोई सरोकार नहीं है। इनको जनता से जुड़े मुद्दे उठाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अपमान का आरोप लगा रही है। मेरा सवाल है कि क्या अपमान कर रही है? आपने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का अपमान नहीं किया। नरसिम्हा राव की डेथ बॉडी कांग्रेस कार्यालय में नहीं ले जाने दिया। क्या आपको याद नहीं है? पूर्व भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप तो चाहते थे कि आपके परिवार के अलावा किसी की समाधि दिल्ली में नहीं बने। आपको ये बचकानी हरकत छोड़नी चाहिए। मैं चाहूंगा कि अयोध्या आएं, भगवान राम, भगवान हनुमान का दर्शन करें, सद्बुद्धि प्राप्त करें और देश के लिए जो जरूरी मुद्दे हों, उसे उठाएं। ऐसा इसीलिए, क्योंकि, विपक्ष और राहुल गांधी का राजनीति में सक्रिय रहना जरूरी है।

वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के एलजी विनय कुमार सक्सेना पर धार्मिक स्थलों को तोड़ने के आरोपों से जुड़े सवाल पर बृजभूषण सिंह ने कहा कि उन्हें उस (आप) पार्टी के बारे में कुछ नहीं बोलना है।



नागपुर में नए साल 2025 के पहले दिन साईं बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु.



असम के नागांव जिले में 2025 की आध्यात्मिक शुरुआत के लिए नए साल का आशीर्वाद लेने के लिए भक्त महामृत्युंजय मंदिर में एकत्रित हुए.

# नववर्ष पर तेजस्वी यादव ने बिहारवासियों को लिखी चिट्ठी, कहा - व्यवस्था में लगे जंग को अब मिटाना है

पटना (आरएनएस)। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को नववर्ष के पहले दिन राज्य के लोगों को पत्र लिखा। उन्होंने इस पत्र के जरिए कई वादे किए तो कई संभावनाओं को भी रेखांकित किया। उन्होंने बिहारवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

उन्होंने पत्र में लिखा, मेरा आपसे वादा है कि भविष्य में जब-जब भी बिहार की विकास गाथा का इतिहास पढ़ा जाएगा, साल 2025 का नाम एक ऐसे वर्ष के रूप में अवश्य याद किया जाएगा, जिसने बदलाव एवं नए बिहार के नवनिर्माण की नींव रखी। यह बिहार के सुनहरे सपनों को सच करने वाला साल है। बिहार का हर वर्ग, हर धर्म, हर जाति, हर युवा, महिला, बुजुर्ग, मजदूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी नववर्ष के साथ शपथ ले चुके हैं कि बीस साल से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली, अनियंत्रित भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अराजकता, राजकीय सुस्ती और व्यवस्था में लगे जंग को अब मिटाना है और बिहार को तरक्की के एक नए रास्ते पर ले जाना है। उन्होंने लिखा, थकी-हारी रूढ़िवादी नीतीश सरकार के पास अपना कोई नया विजन, विकास का ब्लूप्रिंट अथवा रोड मैप नहीं है। यह सरकार सब हमारे इनोवेटिव आइडियाज फॉर डेवलपमेंट, कल्याणकारी योजनाओं और कैंपेन को चुरा उसकी कॉपी करती है। यह दर्शाता है कि रचनात्मक एवं वैचारिक रूप से यह सरकार कितनी दिवालिया हो चुकी है। बिहार में परिवर्तन की जो लहर उठी है, वो अब थमने का नाम नहीं ले रही है। उन्होंने खुद को प्रदेश के लोगों का बेटा, भाई, दोस्त बताते हुए विश्वास दिलाया कि बिहार को उस मुकाम पर ले जाकर खड़ा किया जाएगा, जहां से तरक्की का सूरज और उन्नति का आसमान करीब नजर आएगा। उन्होंने सरकार बनने पर 200 यूनिट फ्री बिजली देने, बेरोजगारी दूर करने, कृषि आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, इंडस्ट्रियल क्लस्टर एवं नए उद्योग-धंधे स्थापित कर पलायन रोकने का वादा किया।

उन्होंने आगे लिखा, माई-बहिन मान योजना के रूप में हर महीने 2,500 रुपए माताओं-बहनों को उनके बैंक खाते में तेजस्वी सीधा पहुंचाएगा। दिव्यांगों, विधवा माता-बहनों और बुजुर्गों को पेंशन के रूप में मिलने वाले 400 की जगह 1,500 रुपए दिए जाएंगे। थाना-ब्लॉक तथा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाया जाएगा। आरक्षण के जरिए हर इंसान को बराबरी का हक, सम्मान और स्वाभिमान के साथ दिया जाएगा तथा आर्थिक न्याय के जरिए समाज के हर वर्ग के जरूरतमंद की मदद की जाएगी।

तेजस्वी यादव ने आगे लिखा, चलो उम्मीदों, इच्छाशक्ति, साहस, सद्भाव, संकल्प, शौर्य, सहृदय, संस्कार, सन्मति, स्वस्थ संवाद और तर्कसंगत सुझावों के साथ इस ऐतिहासिक साल में मिलकर कदम बढ़ाएं। राग-द्वेष को भूलकर बदलाव की नींव रखें, भाईचारे की ईंट रखें और खड़ी करें विकास की इमारत, लिखे मिलकर तरक्की की इबारत। सभी के लिए प्रार्थना करें, ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान।

## अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत को लिखी चिट्ठी, संघ प्रमुख से पूछे कई सवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा। पत्र में केजरीवाल ने लिखा है, भाजपा ने अतीत में जो भी गलत किया है, क्या आरएसएस उसका समर्थन करता है? भाजपा नेता खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, क्या आरएसएस वोट खरीदने का समर्थन करता है? दलित और पूर्वांचली वोट बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हैं, क्या आरएसएस को लगता है कि यह लोकतंत्र के लिए सही है?

**केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए आरोप**

अरविंद केजरीवाल और बीजेपी एक दूसरे पर वोटर्स लिस्ट को लेकर आरोप लगा रहे हैं. केजरीवाल ने इससे पहले कहा कि बीजेपी दिल्ली में वोट कटवा रही है. जो सही मतदाता हैं, उनके वोट काटने की साजिश की जा रही है. साथ ही पूर्व सीएम ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में इनका (बीजेपी का) ऑपरेशन लोटस 15 दिसंबर से चल रहा है. इन 15 दिनों में इन्होंने लगभग 5000 वोटों को डिलीट करने और 7500 वोटों को जोड़ने के लिए आवेदन किया है.

**बीजेपी ने भी किया पलटवार**

बीजेपी ने भी आप पर निशाना साधा है. बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 2014 में जब चुनाव हुए थे




रा%य मंत्री हर्ष मल्होत्रा नई दिल्ली में दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए। दिल्ली भाजपा घोषणापत्र समिति के संयोजक और सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और मनोज तिवारी भी मौजूद रहे।

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड के बीच हवा खराब श्रेणी में पहुंची

नई दिल्ली (आरएनएस)। नए साल के पहले दिन दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में रही। सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 239 दर्ज किया गया। जो खराब श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ तथा बीते सप्ताह में हुई भारी वर्षा के बाद इसका स्तर मध्यम श्रेणी में पहुंच गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, नए साल के दिन दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि साफ आसमान के बीच अधिकतम तापमान 17.98 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में बताया गया कि 2024 में अच्छे से मध्यम वायु गुणवत्ता वाले दिनों की संख्या अच्छी खासी दर्ज की गई। यह उपलब्धि 2020 (कोविड काल) के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। एक प्रेस विज्ञप्ति में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस उपलब्धि का श्रेय 2024 में सभी हितधारकों द्वारा किए गए

# आम आदमी पर पड़ रही चौतरफा टैक्स और महंगाई की मार : हुड्डा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। सड़क निर्माण की लागत 2747 करोड़ रुपए और वसूली 4489 करोड रुपए, फिर भी टोल को बंद नहीं किया जा रहा है। इस तरह हरियाणा की जनता से टोल के नाम पर हजारों करोड़ रुपए की लूट हो रही है। घग्गर टोल प्लाजा का उदाहरण देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने टोल टैक्स की लूट का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि आरटीआई के जरिए सामने आई ताजा जानकारी से स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी सरकार से मिलीभगत कर कंपनियां टोल टैक्स के नाम पर लागत के मुकाबले कई गुना ज्यादा मुनाफा कूट रही हैं। आम जनता पर टैक्स और महंगाई की मार पड़ती जा रही है और सरकार सबकुछ देखकर भी अनदेखा कर रही है।

हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कुल 57 टोल प्लाजा आज की तारीख में वसूली करने में लगे हैं। घग्गर और घरौंडा टोल की टैक्स कलेक्शन की समय अवधि खत्म हो चुकी है। यहां से कंपनियां लागत के मुकाबले कहीं ज्यादा मुनाफा कमा चुकी हैं। बावजूद इसके यहां आम जनता से करोड़ों रुपये की वसूली जारी है। प्रदेश में ऐसे कई टोल प्लाजा हैं, जिनकी या तो मियाद पूरी हो चुकी है या फिर लागत और मुनाफा। नियमों के मुताबिक उनको बंद किया जाना चाहिए। लेकिन सरकार की मिलीभगत के चलते वाहन चालकों को अभी भी लूट का शिकार होना पड़ रहा है। नियम तो यह भी है कि दो टोल के बीच कम से कम 60 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। लेकिन हरियाणा में जीटी रोड से लेकर सोहना और गुड़गांव में ऐसे कई टोल हैं, जहां 60 किलोमीटर से कम दूरी में अवैध वसूली हो रही है। हैरानी की बात यह है कि सरकार आरटीआई से जवाब मांगने पर ये तक बताने को तैयार नहीं है

## हरियाणा से टीबी ख़त्म करने का एक साल का लक्ष्य : आरती सिंह राव

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश से टीबी को समाप्त करने के लिए 25 मार्च-2025 तक अभियान चलेगा और दिसंबर 2025 तक एक साल में टीबी के ख़ात्मे का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आज यहां जारी बयान में प्रदेश के लोगों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी और साथ ही लोगों को टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग के लिए आह्वान किया। कुमारी आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान प्रदेश स्तर पर 7 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ था। हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2025 तक टीबी को प्रदेश से खत्म करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक जिला में जिला कारावास से लेकर हर शहर व गांव में जाकर टीबी मरीजों की पहचान कर रही है। इसमें टीबी युक्त पाए जाने वाले मरीजों को सरकार की योजना के तहत जांच व दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं।



बिहार के रा%यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मां परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर उनसे मुलाकात की।



पटना में नववर्ष 2025 के पहले दिन महावीर मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु.

# नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो, विकास के पथ पर प्रदेश यूं ही आगे बढता रहे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में हरियाणा अपनी अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए प्रदेश के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री मंगलवार सांय अम्बाला शहर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वाधान में इस गीता सत्संग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिओ गीता को अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में 27 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक दिव्य गीता सत्संग का आयोजन हुआ है जिसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान मिला है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बडे ही सौभाग्य की बात है कि हरियाणा की पवन भूमि कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण ने मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का संदेश दिया था। गीता के इस कर्म के संदेश को देश दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना है हरियाणा सरकार कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कर इस कार्य को कर रही है तथा इसी कड़ी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम हुए हैं । उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र में आयोजित हुए गीता जयंती महोत्सव में इस बार भी 50 लाख से अधिक लोगों ने शिरकत की है तथा पूरी दूनिया में लाखों लोग वरच्यूल माध्यम से भी इस महोत्सव से जुडे है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र के 48 कोस की परिधि में आने वाले महाभारतकालीन 182 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने ज्ञान व कर्म का संदेश दिया था वहां पर 250 करोड रूपए की लागत से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केन्द्र व संग्राहलय का निर्माण किया जा रहा है।



लोकप्रिय सिंगर चिन्मयी श्रीपदा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती है। हाल ही में चिन्मयी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर को जमकर लताड़ा। दरअसल, यूजर ने नए साल पर सबसे ज्यादा कंडोम की ब्रिकी पर लिखा कि इस जनरेशन में वर्जिन लड़कियां मिलना काफी मुश्किल है। इस पर चिन्मयी ने यूजर को करारा जबाव देते हुए कहा कि वो अपने आसपास मौजूद पुरुषों से बोले कि शादी से पहले सेक्स ना करे। इतना ही नहीं, उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ महिलाओं पर लागू होने वाले नियम के दोहरे मानदंडों की ओर इशारा किया।

# मोनालिसा ने थाई स्लिट ड्रेस में फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, भोजपुरी क्वीन की लेटेस्ट तस्वीरों ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर शेयर कर अक्सर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं

में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

मोनालिसा भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं वो एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा रही

### चौथे वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई कर पुष्पा 2 ने रचा इतिहास, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने स्त्री 2 को छोड़ा पीछे

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक और ऐतिहासिक वीकेंड दर्ज किया. चौथे रविवार को भी डबल डिजिट में कमाई की. वरुण धवन की नई फिल्म बेबी जॉन के रिजेक्शन को देखते हुए, फिल्म के हिंदी डब वर्जन के शो की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिला. इसी के साथ चौथे रविवार को भी अल्लू अर्जुन की नई फिल्म देखने वालों की पहली पसंद बनी रही. इसने श्रद्धा कपूर की नई फिल्म स्त्री 2 के चौथे वीकेंड के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है. 25वें दिन के शुरुआती रुझान क्या बताते हैं, यह जानने के लिए पढ़ते है... सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2: द रूल ने अपने चौथे रविवार को 16 करोड़ की कमाई की, जिससे भारत में 25 दिनों में पुष्पा 2 की सभी भाषाओं में कुल कमाई 1157.35 करोड़ रुपये हो गई है.

# अशनूर कौर को फिल्म किसको था पता से मिला शानदार अनुभव



अभिनेत्री अशनूर कौर ने अपनी नई फिल्म 'किसको था पता' में अपने किरदार 'श्रेया' को लेकर बताया कि यह भावनात्मक उतार-चढ़ाव से भरा है, जो कमजोरी, ताकत और फिर से खुद के व्यक्तित्व को खोजने से जुड़ा है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म के जरिए उन्हें शानदार अनुभव मिला।

अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अशनूर ने बताया, श्रेया एक ऐसा किरदार है, जो हर उस व्यक्ति के साथ गहराई से जुड़ती है, जिसने प्यार की ताकत और उसे खोने के डर को अनुभव किया है। श्रेया का सफर भावनाओं से भरा है।

अभिनेत्री ने बताया, मैं ऐसी खूबसूरती से लिखी गई कहानी का हिस्सा बनने के लिए धन्य महसूस करती हूं, जो दर्शकों को प्यार और नियति के अर्थ पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देगी। यह पहली बार था जब मैं अकेले शूटिंग कर रही थी और मैं नर्वस थी, लेकिन साथ ही उत्साहित भी थी। मैं जी सिनेमा पर श्रेया के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए रोमांचित हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक उससे उतना ही जुड़ेंगे, जितना मैं जुड़ी थी।

रत्ना सिन्हा निर्देशित किसको था पता क्रिसमस पर जी सिनेमा पर रिलीज हुई। रायपुर में सेट की गई रोमांटिक-कॉमेडी में अभिनेत्री के साथ अक्षय ओबेरॉय और आदिल खान अहम रोल में हैं।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अक्षय ओबेरॉय ने बताया, देवांश एक ऐसा व्यक्ति है, जिसकी दुनिया तब बिखर जाती है, जब वह जिससे सबसे ज्यादा प्यार करता है, वह उसे छोड़कर चली जाती है। यह भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण भूमिका थी। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं दर्शकों को देवांश के दिल टूटने, ठीक होने और खुद को फिर से खोजने की यात्रा में शामिल करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। मैं बहुत उत्साहित हूं।

## कन्नप्पा से मोहनलाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, विष्णु मांचू ने उठाया अभिनेता के किरदार से पर्दा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। इस बीच उन्होंने फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से मोहनलाल का पोस्टर जारी किया है और उनके किरदार का भी खुलासा कर दिया है। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल अभिनेता विष्णु मांचू की आगामी बड़े बजट की फिल्म कन्नप्पा में किराता की भूमिका निभाएंगे। मोहनलाल का फर्स्ट-लुक कैरेक्टर पोस्टर जारी किया गया। मोहनलाल इस फिल्म में कई सितारों के साथ कैमियो रोल निभाएंगे। विष्णु मांचू ने एक्स पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, किराता। लीजेंड श्री मोहनलाल कन्नप्पा में। मुझे हमारे समय के सबसे महान अभिनेताओं में से एक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने का सम्मान मिला। यह पूरा सीक्वेंस होगा। पोस्टर के अनुसार, मोहनलाल की भूमिका में किराता पशुपतास्त्र (भगवान शिव और देवी काली का मुख्य हथियार) के मास्टर हैं। वह आदिवासी पोशाक पहने हुए हैं और उनके हाथ में तलवार है। वह चेहरे पर रंग लगाए और बालों में लट लगाए हुए हैं और मजबूत और खतरनाक दिख रहे हैं। फिल्म की बात करें तो कन्नप्पा एक पौराणिक काल्पनिक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। विष्णु मांचू अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर हिंदू भगवान शिव के एक कट्टर भक्त की कहानी पर आधारित है। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है। विष्णु मांचू कन्नप्पा में ऐश्वर्या भास्करन, मोहन बाबू, अक्षय कुमार, प्रभास, सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मुकेश ऋषि, मधु और प्रीति मुखुनदन जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आगामी बड़े बजट की फिल्म एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के बैनर तले बनी है।

# राम चरण की फिल्म गेम चेंजर के ट्रेलर की रिलीज डेट से उठा पर्दा, नए साल पर फैंस को तोहफा देंगे आरआरआर स्टार

न्य ईयर आते ही साउथ सुपरस्टार राम चरण अपने फैंस के लिए गेम चेंजर लेकर आ रहे हैं जो 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी. फिलहाल इसके ट्रेलर को लेकर भी दर्शक काफी एक्साइटेड हैं. फाइनली इसकी डेट भी सामने आ गई है. वहीं दूसरी ओर उनकी फिल्म को लेकर लोगों में इतना क्रेज है कि आंध्रप्रदेश में सुपरस्टार का बड़ा कटआउट लगाया गया जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. राम चरण की गेम चेंजर का ट्रेलर न्यू ईयर पर यानि 1 जनवरी को रिलीज होने जा रहा है. पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे राम चरम और कियारा आडवाणी की फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है. फिल्म के निर्माता दिल राजू ने हाल ही में एक इवेंट में फिल्म के बारे में रोमांचक अपडेट शेयर करते हुए कहा कि न्यू ईयर के तोहफे के रूप में गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा. दिल राजू ने कहा, ट्रेलर तैयार है, लेकिन इसे आपके सामने रिलीज करने से पहले कुछ और काम किया जाना है. ट्रेलर किसी फिल्म की रेंज तय करता है. हम आपको वह अनुभव देने के लिए तैयार हैं. ट्रेलर 1 जनवरी को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा. गेम चेंजर निर्माता ने फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट के बारे में भी जानकारी शेयर की. उन्होंने बताया कि वे आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण को चीफ गेस्ट के रूप में इनवाइट करने का प्लान कर रहे हैं. राम चरण की फिल्म को लेकर तो फैंस पहले से एक्साइटेड हैं इसका पता इस बात से लगाया जा सकता है कि ट्रेलर रिलीज से पहले राम चरण का 256 फीट का कटआउट लगाया है. ये कटआउट सोशल मीडिया पर खूब वायरल है जो दिखाता है कि दर्शकों के बीच राम चरण का कितना क्रेज है.

गेम चेंजर एक अपकमिंग पॉलीटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन मशहूर फिल्म निर्माता एस शंकर ने किया है. कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है और इस फिल्म में राम चरण कियारा आडवाणी के साथ लीड रोल में हैं. फिल्म में राम चरण एक आईएएस ऑफिसर है जो एक भ्रष्ट पॉलीटिकल व्यवस्था को सुधारने के लिए लड़ता है. टीजर से पता चलता है कि राम चरण फिल्म में डबल रोल में हो सकते हैं.

### सिकंदर करेगी बॉक्स ऑफिस पर धमाका, हिंदी में 5 हजार स्क्रीन पर रिलीज होगी सलमान की फिल्म, टीजर हुआ हिट

सलमान खान का जादू एक बार फिर शुरू हो गया है. बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर के पहले लुक के साथ ही भाईजान ने दर्शकों का दिल जीत लिया. इस एक्शन से भरपूर स्पेक्टेकल का टीज़र सलमान की सिग्नेचर स्टाइल और गुस्से से भरपूर है, जिसने पूरे देश में तहलका मचा दिया है. सिकंदर के टीज़र को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है. टीज़र रिलीज़ होते ही दर्शकों और ट्रेड से भारी प्यार और सराहना मिली. सलमान खान की दमदार और पर्सनैलिटी को दर्शाते हुए इस टीजर ने भाईजान की भव्य वापसी

### बॉक्स ऑफिस पर गूंज रही मुफासा की दहाड़, 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म

बॉलीवुड सुपरस्टार शाह रुख खान की बुलंद आवाज में मुफासा- द लॉयन किंग भारतीय सिनेमाघरों में जमकर दहाड़ रही है। इस एनिमेटेड हॉलीवुड मूवी ने इंडियन ऑडियंस का दिल जीत लिया है। जिसके वजह से बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में मुफासा ने धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है।

वीकेंड पर एक बार फिर से मुफासा की कमाई में भारी उछाल देखने को मिला है। जिसका अंदाजा आप फिल्म के 10वें दिन के कलेक्शन रिपोर्ट के जरिए आसानी से लगा सकते हैं। आइए जानते हैं कि दूसरे रविवार को इस मूवी ने कितने नोट छापे हैं।

लंबे अरसे से देखा जा रहा है कि इंडिया में हॉलीवुड फिल्मों को पसंद करने वाले लोगों की तादाद काफी ज्यादा है। फिर चाहें वो मार्वल स्टूडियो की एवेंजर्स फ्रेंचाइजी हो या फिर एनिमेटेड फिल्म मुफासा की सीरीज क्यों न हो।

# बाहर निकलती तोंद को स्लिम-ट्रिम बनाने के लिए खाना शुरू करें ये सफेद चीज, महीनेभर में दिखेगा असर



आजकल बड़ी संख्या में लोगों की तोंद कपड़ों के बाहर झांकती नजर आती है. मोटापा कई बीमारियों का शुरुआत संकेत माना जाता है. अगर आप भी इसी बाहर निकलती तोंद और मोटापे से परेशान हैं तो किचन में रखी एक चीज को सेवन से इसे कंट्रोल कर सकते हैं. इसे खाने से आप एकदम स्लिम-ट्रिम हो जाएंगे. इस एक चीज को आप सुबह और शाम के समय स्नैक्स के रूप में भी ले सकते हैं. यहां हम बात कर रहे हैं मखाने की. इम मेवा में कैल्शियम से लेकर कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं. अगर आप स्वाद के शौकीन हैं तो मखाने को घी-नमक या काली मिर्च के फ्लेवर के साथ रोस्ट कर खा सकते हैं. इतना ही नहीं नियमित रूप से मखाने का सेवन आपका वजन कम करने में भी काफी लाभदायक साबित हो सकता है. आइए जानते हैं कि कैसे मखाने का सेवन करें.

मखाना खाने से कैसे कम होता है वजन?

कई लोगों के मन में ये सवाल ये जरूर होता है कि आखिरकार मखाना खाने से कैसे कम होता है वजन? इसका जवाब है कि मखाने में डाइटरी फाइबर पाया जाता है. इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है. इससे फैट बर्निंग प्रोसेस तेज हो जाती है. इसके साथ ही मखाने में मौजूद कैल्शियम से लेकर आयरन और मैग्नीशियम वजन को बढ़ने से रोकते हैं. यह डाइजेशन को बेहतर बनाता है. इससे व्यक्ति का फैट कम हो जाता है.

वजन कम करने के लिए खाएं मखाने का भेल

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसके लिए मखाने की भेल बनाकर खा सकते हैं. इसके लिए एक बाउल में टमाटर, प्याज, हरी मिर्च, ककड़ी और खीरा काट लें. इसके बाद मखानों को कढ़ाई में डालकर हल्का सा फ्राई कर लें. अब टमाटर, प्याज, हरी मिर्च, ककड़ी और खीरा को मखानों के साथ मिक्स कर लें. इसमें नमक, नींबू, इमली की चटनी और काली मिर्च डाल लें. आपकी मिक्स चाट बनकर तैयार हो जाएगी.

वजन कम करने के लिए भूनकर खाएं मखाने

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो मखानों को डाइट में जरूर शामिल करें. आप इसे भूनकर भी खा सकते हैं. स्वादिष्ट बनाने के लिए एक कढ़ाही में थोड़ा सा घी और नमक डालें, इसके बाद मखानों को धीमी आंच पर भून लें. सुबह नाश्ते के समय और शाम को स्नेक्स के रूप में लें. इससे आपका वजन धीरे धीरे कट जाएगा.

# क्या आपके गले में भी होती है खुजली? आराम पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



सर्दियों में गले में खराश होना आम बात होती है, लेकिन कई लोगों को बलगम के कारण गले में खुजली होने लगती है। इस समस्या के कारण बात करना और खाने को निगलना बेहद मुश्किल हो जाता है।आम तौर पर जुखाम, सूजन या बुखार गले में होने वाली खुजली का कारण बनते हैं। हालांकि, यह परेशानी पेट में बनने वाले एसिड के चलते भी बढ़ सकती है।आइए इस स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने के घरेलू नुस्खे जानते हैं।

गर्म पानी से गरारे करें

गले की खुजली से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक और घरेलू उपचार होता है गर्म पानी से गरारे करना। इसके जरिए गले की सूजन कम होती है और जलन शांत होती है।एक गिलास पानी गर्म में आधा चम्मच नमक मिला दें। इस पानी की मदद से कम से कम 30 मिनट तक गरारे करें।अगर आप हफ्ते में 2 बार यह उपाय करेंगे, तो आपकी खुजली की समस्या दूर हो जाएगी और आपका गला साफ हो जाएगा।

हल्दी वाले दूध का सेवन करें

अक्सर चोट लगने पर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इस पेय के सेवन से गले में होने वाली खुजली भी ठीक हो सकती है।हल्दी में करक्यूमिन होता है, जिसे एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट माना जाता है। इससे गले की सूजन दूर हो जाती है और संक्रमण का खतरा भी कम हो जाता है।एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाएं और घूंट-घूंट करके पीएं।

भाप लें

जुखाम होने पर लोग भाप लेते हैं, जिसके जरिए बलगम को पिघलाया जा सकता है। इस उपचार की मदद से आप गले में होने वाली खुजली को भी शांत कर सकते हैं।भाप लेने से गला नम होता है और सूखेपन से राहत मिलती है, जिसके कारण खुजली दूर हो जाती है। भाप लेने से पहले पानी गर्म करके उसमें पुदीने वाला एसेंशियल ऑयल मिलाएं।अब कम से कम 5 से 7 मिनट तक चेहरे को ढककर भाप लें।

गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीएं

अगर आप रोजाना सुबह गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीएंगे, तो आपको गले की खुजली से छुटकारा मिल जाएगा।एशियन पैसिफिक जर्नल ऑफ ट्रॉपिकल बायोमेडिसिन में प्रकाशित शोध के अनुसार, शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं।इस खाद्य पदार्थ के जरिए गले की सूजन कम हो जाती है, दर्द से राहत मिलती है और खांसी भी ठीक हो जाती है। वहीं, गर्म पानी गले की सिकाई करते हुए आराम प्रदान करता है।

सेब का सिरका आजमाएं

सभी जानते हैं कि सेब का सिरका वजन घटाने में मदद करता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि इसकी मदद से गले में होने वाली खुजली भी दूर हो सकती है।इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो गले की सूजन, जलन और असुविधा को कम कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -283


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 282 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| ब | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना केण्ट में रात्रि में मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सुजल वर्से उम्र 20 वर्ष निवासी संजय नगर, मोदीबाड़ा ने बताया कि वह पढ़ाई करता है वह टीव्ही देख रहा था तभी उसके घर के बाहर पौआ पासी, भोलू रानू, श्यामू पासी, गाली गलौज कर रहे थे, उसके पापा सूरज वर्से ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो पापा के साथ मारपीट करने लगे, वह एवं उसकी बहन शिवानी गौतेल घर के बाहर निकलकर देखे पौआ पासी, भोलू रानू, श्यामू पासी, अनिकेत, निखिल पासी उसके पापा के साथ मारपीट

**सभी दुकानदारों को निर्धारित राशि जमा करने के निर्देश दिये गए -पूरी राशि जमा नहीं करने पर सभी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जायेगी**

# 40 करोड़ की वसूली के लिए नया बाजार मार्केट के अवैध कब्जों पर नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई - निगमायुक्त प्रीति यादव







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की नया बाजार मार्केट में आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर बकाया लगभग 40 करोड़ की वसूली के लिए दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त एवं भवन शाखा के प्रभारी अधिकारी व्ही.एन. बाजपेयी एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार कार्यवाही की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि जिन दुकानदारों के द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जायेगी उनके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए दुकाने हटाने की कार्रवाई की जायेगी। श्री बाजपेयी ने बताया कि दुकानों में

**अभी तक एक बार भी प्रीमियम राशि जमा नहीं करने वाले 2 दुकानदारों के विरूद्ध हुई कार्रवाई - 3 दुकानों में की गई तालाबंदी**

क्रमांक 1 से 65 समस्त दुकानदारों को अतिरिक्त निर्माण के नियमितिकरण कर राशि जमा करने बार-बार नोटिस दिया गया एवं मौखिक रूप से भी सभी दुकानदारों को समझाइश दी गई थी। इन सबके बावजूद भी दुकानदारों के द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई गई, जिसके कारण आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर अपर आयुक्त एवं भवन शाखा के प्रभारी अधिकारी व्ही.एन. बाजपेयी एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने उन दुकानदारों पर कार्यवाही की जिनके द्वारा राशि जमा नहीं की गई। उन्होंने बताया कि दुकान क्रमांक 1 लोकनारायण शर्मा, दुकान क्रमांक 32 गुलशनराय माखन, एवं दुकान क्रमांक 33 प्रमोद पटेरिया द्वारा राशि जमा न करने पर दुकानों पर तालाबंदी कर शील करने की कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार दुकान क्रमांक 3 पुरूषोत्तम साहू, दुकान क्रमांक 8/1 चिरोंजी लाल रजक दुकान का अतिरिक्त निर्माण तोड़ा गया तथा दुकान क्रमांक 6 चर्तुभुज पान्डे एवं दुकान क्रमांक 9 श्रीमती शीला शर्मा के द्वारा कार्यवाही के दौरान 5-5 लाख के चेक दिये गए। अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को प्रीमियम राशि जमा करने कहा गया है, आगामी तिथि में जिन दुकानदारों ने 1-2 लाख रूपये जमा किये हैं उन दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा है कि सभी दुकानदार अपना अतिरिक्त निर्माण स्वयं हटा लें, समयावधि पश्चात नगर निगम द्वारा हटाने की कार्रवाई की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी दुकानदार की होगी। इस अवसर पर सहायक अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर, भवन शाखा के सहायक यंत्री मनीष तड़से, के अलावा पुलिस प्रशासन के समस्त अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

## महिला नव उद्यमियों ने आंवला उत्पादों का व्यावसायिक उत्पादन सीखा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के प्रवर्तन में संपदा इंस्टीट्यूट भोपाल एवं हितकारिणी महिला महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित महिला उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आंवले से बने उत्पादों जैसे लड्डू, बर्फी, अचार, मुरब्बा, कैंडी, चटनी, जूस, टॉफी का व्यावसायिक स्तर पर निर्माण करने का प्रायोगिक परीक्षण सीखा। इस दौरान संपदा इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिभागियों को आंवला उत्पादों पर आधारित पुस्तिका का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संपदा भोपाल के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर शैलेष मालवीय, सुरेंद्र सिंह राजपूत, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेष पांडे, दिनेश सिंह ठाकुर, पूर्णिमा शर्मा, पूजा मिश्रा, प्रतीक्षा नामदेव, आशीष मालपाणी, स्वरोजगार प्रभारी फरहान खान सहित स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

**2 करोड़ रूपये की लागत से मोहनिया के दोनो तालाबों का होगा सौन्दर्यीकरण - विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी**

## केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को एक नहीं दो-दो सुन्दर तालाबों की सौगात मिलेगी - विधायक रोहाणी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संभाग क्रमांक 10 रॉंझी के लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत मोहनिया स्थित दोनो तालाबों का 2 करोड़ रूपये की लागत से सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इसकी तैयारियों के लिए आज केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने जलप्रभारी, क्षेत्रीय पार्षदों, जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और शीघ्र ही प्रक्रिया पूरी करते हुए डी.पी.आर. तैयार करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के मौके पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बताया कि शासन की जलसंरक्षण एवं संवर्धन करने की योजना अंतर्गत यह कार्य कराया जायेगा। इससे केन्ट विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर जलप्रबंधन व्यवस्था के लिए एक नहीं दो-दो तालाबों की सुन्दर सौगात मिलेगी। निरीक्षण के मौके पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी, वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री शाह, क्षेत्रीय पार्षद अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, एस.डी.एम. रघुवीर सिंह मरावी, तहसीलदार अनिल सिंह, क्षेत्रीय नागरिक पुष्पराज सेंगर, सुरेश पटैल आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए जबलपुर में पहली लगाया जाएगा फ्री कैंप

**3 दिवसीय कैंप में जरूरतमंद लोगों को लगाए व दिए जाएंगे उपकरण**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन, श्री गुजराती मंडल में 9,10 व 11 जनवरी 2025 को जबलपुर में पहली बार श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति(बी एम वी एस एस) जयपुर के साथ नई दिल्ली ब्रांच एवं जबलपुर सामाजिक संस्थाओं द्वारा यह तीन दिवसीय निःशुल्क फिटमेंट एवं वितरण कैंप लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसके सिंह ने दी।

श्री सिंह ने बताया कि कैंप में कृत्रिम अंग, कैलिपर और अन्य सहायक उपकरण जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क लगाए जाएंगे एवं दिए जाएंगे। जयपुर फुट कैंप में 15 से अधिक डॉक्टरों की टीम जबलपुर आएगी। कांफ्रेंस में दर्शन रावल,डॉ राकेश कुमार, डॉ हेमा साहू,दिनेश वीरा,पीयूष जैन,गिरीश कुमार उपस्थित थे उन्होंने बताया अभी तक 372 के लगभग रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। निःशुल्क सेवा प्राप्त करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क करें -7566656665

### गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज

जबलपुर। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गोविन्द सिंह जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल शनिवार 4 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे से श्रीराम मंदिर मदन महल में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## रामपाल को रेलवे का मैन ऑफ द मंथ अवार्ड



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पदस्थ पॉइंट मेन श्री रामपाल सिंह को गत दिवस रेलवे अधिकारियों ने दिसंबर माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी घोषित करते हुए उसे मैन ऑफ द मंथ का खिताब प्रदान किया गया । जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पदस्थ स्टेशन निदेशक श्री अखिलेश नायक द्वारा पिछले दिनों स्टेशन के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों के कार्य का आकलन करके सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को मैन ऑफ द मंथ का खिताब प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में दिसंबर माह में स्टेशन के सभी कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा के उपरांत रामपाल सिंह को उसके श्रेष्ठ कार्य के लिए मैन ऑफ द मंथ के पुरस्कार से नवाजा गया।

## वीयू में नववर्ष के अवसर पर कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा ने मीडिया कर्मियों से की आत्मीय भेट



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज दिनांक 03/01/2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के सभागार में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओ से वि.वि.के माननीय कुलगुरू प्रो. मनदीप शर्मा द्वारा आत्मीय मुलाकात की गई है। उन्होंने विवि में चल रहे शिक्षण अनुसंधान एवं विस्तार के कार्यों को साझा किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं की उपलब्धियां को साझा किया। विवि में आगामी किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया । इस अवसर पर प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार बंधु, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, सहायक कुलसचिव,डॉ. राम किंकर, कुलसचिव निजसचिव सतीश दुबे,कैमरामैंन ट्विंकल रैकवार, बालक दास राजपूत एवं उपस्थित रहे।

## असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुवाहाटी में संयुक्त रूप से NIELIT डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का उद्घाटन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। असम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव तथा असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने आज संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर राज्यों में 5 स्थानों सहित 12 स्थानों पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) डीम्ड विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मीटवाई) के अंतर्गत एकमात्र विश्वविद्यालय नाइलिट डीम्ड विश्वविद्यालय को गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र को समर्पित किया गया।

भारत में सेमीकंडक्टर कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को सहयोगात्मक रूप से बढ़ाने के लिए हृ्श्वस्ध्रुञ्ज और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (ञ्श्वक्क) के बीच एक समझौता ज्ञापन (स्ब्ध) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर हृ्श्वस्ध्रुञ्ज के महानिदेशक डॉ. एम.एम. त्रिपाठी और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (ञ्श्वक्क) के सीईओ और एमडी डॉ. रणधीर ठाकुर ने हस्ताक्षर

**NIELIT और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए**



किए। इस साझेदारी का उद्देश्य कौशल केंद्र स्थापित करना, डिप्लोमा और प्रमाणन कार्यक्रम विकसित करना और सेमीकंडक्टर-ञ्स्क्क (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्रौद्योगिकियों में कार्यशालाएँ आयोजित करना है। ञ्स्ञ्ज तकनीकी विशेषज्ञता और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेगा, जबकि हृ्श्वस्ध्रुञ्ज शिक्षा, प्रशिक्षण और आउटरीच पर ध्यान केंद्रित करेगा। दोनों संगठन भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसर पैदा करने पर विशेष जोर देते हुए संयुक्त रूप से अनुसंधान और वित्तपोषण पहलों को आगे बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और इंडस्ट्री 4.0 के लिए एक प्रमुख केंद्र में बदलने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, इस पहल का उद्देश्य एक कुशल कार्यबल तैयार करना है जो उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करता है। यह विश्वविद्यालय तेजी से बदलते तकनीकी माहौल में कामयाब होने के लिए छात्रों को आवश्यक कौशल से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अब उत्तर पूर्व का मतलब देश के विकास और वृद्धि का नेतृत्व करने के लिए नया इंजन है।

मंत्री ने हृ्श्वस्ध्रुञ्ज विश्वविद्यालय के शुभारंभ की घोषणा की, जिसमें उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय सेमीकंडक्टर विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उद्योग 4.0 और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में पेशेवरों को तैयार करने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि हृ्श्वस्ध्रुञ्ज का नया परिसर गौहाटी के पास जगीरोड में विकसित किया जाएगा, जो सेमीकंडक्टर विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने भविष्य के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को दोहराया, जहां पूरी दुनिया मेड इन इंडिया और मेड इन असम सेमीकंडक्टर चिप्स पर निर्भर होगी।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरगी में घायल को उपचार हेतु सुधा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल गोलबजार में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को मूलचंद बरकड़े उम्र 35 वर्ष निवासी देवद्वार सालीवाड़ा ने बताया कि वह अपने घर में था उसकी भतीजी अंजो घर आकर बतायी कि सोनिया के पापा को उनके घर के पीछे सतीराम बरकड़े ने कुल्हाड़ी से मार दिया है, सोनिया के पापा अपने घर के पीछे पड़े हैं, वह सोनिया के घर के पीछे जाकर देखा सोनिया के पापा घूर सिंह अपने घर के पीछे खून से लथपथ बोरी पर बेहोश हालत मे पड़ा था



गोराबाजार रोड पर आजाद चौक के समीप घटना से मची भगदड़, मौके से भाग निकला आरोपी चालक

# बेलगाम कार का कोहराम, चपेट में आने से महिला की मौत, तीन घायल



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गोराबाजार तिराहे से आजाद चौक के बीच गुरुवार की सुबह बेलगाम कार के चालक ने कोहराम मचा दिया। तिराहे पर बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद कार चालक वहाँ से भागा और भोंगाद्वार मार्ग पर आजाद चौक के पास एक सब्जी के ठेले वाले को टक्कर मारी। कार की टक्कर लगने से ठेला काफी दूर तक घिसटा और ठेले पर सब्जी ले रही वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ठेला वाले सहित 3 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने मौके से कार जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह साढ़े 10 बजे के करीब कार क्रमांक एमपी 20 जेडएफ 4272 का चालक कार लेकर पेंटीनाका से गोराबाजार की तरफ जा रहा था। तेज रफ्तार कार जैसे ही गोराबाजार तिराहे पर पहुँची, चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और उसने सामने से आ रहे भेड़ाघाट ओरछा निवासी रोशन लाल चौधरी व पूरन चौधरी की बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर के बाद कार चालक ने कार को भोंगाद्वार की तरफ मोड़ दिया जिससे सड़क पर भगदड़ मच गई। किसी तरह कार चालक वहाँ से आजाद चौक पहुँचा और सब्जी के ठेले को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सब्जी का ठेला काफी दूर तक घिसटता चला गया। इस दौरान सब्जी का ठेला लगाने वाला नया मोहल्ला निवासी शेख खलील गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सब्जी खरीद रही महिला दुर्गा बाई रजक उम्र 71 वर्ष निवासी गोराबाजार की मौत हो गई। कार छोड़कर भागा चालक घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच कार चालक मौका पाकर वहाँ से भाग निकला। हादसे में कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायल बाइक सवारों व सब्जी ठेला वाले को इलाज के लिए रवाना किया। वहीं मर्ग कायम कर वृद्धा के शव को पीएम के लिए भेजा गया। काफी देर तक मची रही अफरा-तफरी गोराबाजार तिराहे पर बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद कार चालक ने भोंगाद्वार की तरफ कार मोड़ दी। वहाँ पर भीड़ अधिक होने से कई लोग कार की चपेट में आने से बचे, वहीं सड़क पर लोग जान बचाकर भागते नजर आए। इस घटनाक्रम के चलते क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल निर्मित रहा।

पुलिस के अनुसार ग्राम घाना खमरिया निवासी शुभम बरसे अपने साथी शुभम के साथ आर्टिगा कार से बरेला जाने के लिए निकला. जब वह तेजी से बिलहरी ओर बढ़ रहा था, इस दौरान सब्जी लेकर सड़क पार करने आई महिला दुर्गा रजक को टक्कर मार दी. कार की टक्कर लगते ही महिला उछलकर सामने की ओर गिरे, जिसे देख लोगों में चीख पुकार मच गई. वे कुछ समझ पाते इससे पहले कार चालक भागने के चक्कर में महिला को कुचलते हुए आगे एक अन्य सब्जी विक्रेता को टक्कर मारते हुए भागा और दीवार से टकरा गया. क्षेत्रीय लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया. जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया. वहीं सब्जी कारोबारी को भरती कर लिया गया. पुलिस ने कार को जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कनहा है कि कार में भारत सरकार लिखा है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि कार किसी केन्द्रीय संस्थान में अटैच है.

# भक्ति ही व्यक्ति के कल्याण का सेतु है




**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** संसार में समस्त प्राणियों का स्वामी एकमात्र ईश्वर ही है वह परम समर्थ है और उसकी शरणागति ही व्यक्ति के कल्याण का सेतु है उपरोक्त उद्गार भरत सरिस को राम सनेही प्रवचन माला में पं. उमाशंकर शर्मा जी व्यास ने महेश भवन गोपालबाग में रामायणम जबलपुर द्वारा आयोजित श्री राम चरित मानस परायण ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस व्यक्त किये।

महाराज जी ने राम जी का प्रसंग में श्री लक्ष्मण जी के माध्यम से बताना चाहते हैं कि जीव यदि जीव का आश्रय लेगा तो फिर पराधीन को क्या आनंद प्राप्त होगा।

महाराज जी ने कहा कि भक्ति के माध्यम से उस परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है फिर आपकी नौ प्रकार की भक्ति है जड़ होती जाएगी जिनका संत चरणों में प्रेम होता है मनसा वाचा कर्मणा से माता पिता की सेवा करते हैं उनके काम क्रोध लोभ छूट जाते हैं तो ईश्वर इनके हृदय में निवास करता है।

आप जो सत्संग आप करते हैं यही बुद्धि का सदुपयोग है क्योंकि उस समय आप अयोध्या में बैठे होते हैं यही अयोध्या भगवान राम को प्रकट करती है। महाराज जी ने बताया कि वैराग्य के पश्चात् भगवत् चरणों में प्रेम होगा अथवा भगवद्भक्ति का उदय होने पर अपने आप सहज वैराग्य जीवन में आ जायेगा। दोनों ही के पक्ष-विपक्ष में तर्क और उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं। फिर भी यह मानना अधिक उपयुक्त होगा कि कुछ लोगों के जीवन में वैराग्य के पश्चात् भगवद्भक्ति का उदय होता है और कुछ इसके प्रतिकूल राग के पश्चात् ही विरागी बन पाते हैं। यद्यपि वैराग्य का उदय होने के पश्चात् भक्ति की दिशा में प्रवृत्ति साधना को सहज और निर्विघ्न बना देती है?। पंडित रामकिंकर उपाध्याय महाराज सम्मान समारोह में आज राम गुण गायक पंडित भगवत प्रसाद पाठक सीधी एवं डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता जी को पंडित रामकिंकर जी महाराज अलंकरण से सम्मानित किया गया। श्री राम सरकार एवं महाराज श्री का पूजन सर्व श्री नर्मदा प्रसाद शर्मा, मेवालाल छिरोलया, शम्भूदयाल बड़ेरिया, गोपाल नीखरा, पं.रमेश दुबे, संजय मिश्रा, समनदासआसवानी, सावल दास खत्री, अदिति अतुल बाजपेयी, दिलीप दुबे, रुचिमोहन, विजय सुहाने, राजेन्द्र सोनी, अतुल चतुर्वेदी, मुन्ना महाराज, गोपाल खजांची ने किया। मंच संचालन आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे, पं. सौरभ दुबे, पं. महेंद्र पांडेय, पं. पवन आदि ने किया।

# जुआ के फड़ पर छापा, 5 जुआड़ी गिरफ्तार, 2800 रूपये जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** रात मुखबिर से सूचना मिली पाटन बस स्टेण्ड स्थित शराब दुकान के पीछे कुछ जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां जुआड़ी टार्च की रोशनी में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमश: सोमेश तिवारी, श्रीराम पटैल, जितेन्द्र उर्फ चंद्रबलि यादव, देवेन्द्र यादव, बाबू उर्फ सुरेन्द्र बर्मन सभी निवासी गुरू मोहल्ला पाटन बताये, जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते, एक दरी, 2 टार्च तथा 2 हजार 800 रूपये जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**जबलपुर ।** थाना कोतवाली में करन बर्मन उम्र 23 वर्ष निवासी तिवारी जी का बाड़ा सराफा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज रात लगभग 2 बजे वह अपनी मम्मी साधना बर्मन से बात

# नयागाँव सोसायटी में फिर तेंदुओं के मूवमेंट से दहशत

देर रात घर लौटने वालों को भी सोसायटी की तरफ से सतर्कता बरतने के लिए कहा गया



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।।** एमपीईबी के नयागाँव सोसायटी में एक बारि फर दो से तीन तेंदुओं के सक्रिय होने से दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए ठाकुरताल की पहाड़ी से बरसाती नालों के रास्ते से कॉलोनी के अंदर प्रवेश करते हैं और आवारा श्वानों को उठा ले जाते हैं। तेंदुओं नेि पछले तीनि दन के अंदर पाँच से ज्यादा श्वानों कािशकार किया है, जिसके सीसीटीवी फुटेज भी लोगों के पास हैं। तेंदुओं का मूवमेंट तेज होने पर बंगलों के बाहर और कॉलोनी के अंदर सुरक्षा व्यवस्था सँभालने वालेि सक्योरिटी गार्ड भी दहशत में हैं, इन्हें भी रात के समय सावधान और चौकी के अंदर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावादेर रात घर लौटने वालों को भी सोसायटी की तरफ से सतर्कता बरतने के लिए कहा गयाहै। उल्लेखनीय हैि क ठंड के मौसम में डुमना और आसपास के जंगलों से तेंदुए ठाकुरताल की पहाड़ियों पर अपना बसेरा बना लेते हैं।

इनका मूवमेंट नयागाँव सोसायटी की तरफ ज्यादा रहता है, क्योंकि यहाँ उन्हें आसानी सेि शकार मिल जाता है। नयागाँव सोसायटी के अध्यक्ष रजत भार्गव के अनुसार तेंदुओं के आने से घरों के पालतू डॉग भी अजीब हरकतें करने लगते हैं। हालाँकि अभी तक तेंदुओं ने किसी भी बंगले में घुसकर पालतू पशुओं और इंसानों पर हमला नहीि कया है, लेकिन खतरनाक वन्य प्राणी होने के कारण लोग दहशत में रहते हैं। श्री भार्गव के अनुसार सोसायटी के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी कई बार वनि वभाग को रहवासी एरिया से तेंदुओं को दूर करने के लिए लिखित-मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 154 2024-2025 दिनांक 03/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्रीमती अहदुननिशा, पति- श्री वाजिद अली अंसारी, 2. श्रीमती रौनकजहॉं, पति- श्री अकबर अली अंसारी** ने भवन क्रमाक 2246 संपत्ति कर/पिन नं. 1000366103 जलकर पिन नं. 2340084, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती नंदिता नारायण, पति- श्री एच.आर. नारायण, **वार्ड शहीद अ. हमीद, वार्ड**, निर्मित भूतल 1507 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .89 दिनांक - 02/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सिंघई प्रवीण कुमार जैन, पिता- सिंघई तेजमल जैन** ने भवन क्रं. 1026 का भाग **वार्ड कस्तुरबा गांधी वार्ड**, प्रथमतल 234.87 व.फु. व्यावसया, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 1026 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री मेसर्स गोयम कस्ट्रक्शन पार्टनर, भवन क्रं. 1026 का भाग पिन नं. 41002189/ 1000605880 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 03.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मदरसा हुसैनियाँ अहले सुन्नत वल जमात, जनाब जब्बार खान,** ने पिन नं. 1000396916 भवन क्रमांक 4100/आर-409 , **वार्ड क्र. ..... वार्ड संजय गांधी वार्ड,** भूतल हिस्सा 900 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.4100/आर-409 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अकबरी बेगम, पति- मो. इकबाल मंसूरी** ने पिन नं. 1000455336 भवन क्रमांक .................. , **वार्ड क्र. 51 वार्ड रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड,** कुल भूमि 1372 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.............. , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/242 2024-25 दिनांक 03/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000511866** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सेत हौज, पिता- स्व. श्री हैरी हौज** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती विवियन हौज, पति- स्व. श्री सेत हौज,** ने **मकान नं. 1428/3 वार्ड क्र.- ......, पं. बनारसी दास भनोत वार्ड,** भूतल 1272 व.फु., प्रथमतल 245 व.फु., **वसीयतनामा, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/239 जबलपुर दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री मनोज कु. जैन, पिता- स्व. श्री कमल चंद जैन, 2. श्री जितेन्द्र जैन, एवं कु. नीता जैन, पिता- स्व. श्री कमल चंद जैन,** ने मकान नं. 1105 **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत,** पिन नं. 1000704696, क्षेत्रफल 1203 व.फु., भूतल 283 व.फु. कामर्शियल स्वयं+ 598 व.फु., प्रथमतल 598 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय तहसीलदार आदेश कापी, खसरा कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/238 जबलपुर दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री सिद्धार्थ कु. सोनी, पिता- श्री अवध बिहारी सोनी, 2. श्रीमती वर्षिका सोनी, पति- श्री सिद्धार्थ सोनी** ने मकान नं. 18 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 2000266797, क्षेत्रफल 1310 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/237 जबलपुर दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती नेहा कुर्मी, पति- श्री आशीष कुर्मी, पिता- श्री सुशील कु. कुर्मी** ने मकान नं. 806 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1003021651, क्षेत्रफल 200 व.फु., भूतल 200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/236 जबलपुर दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री प्रदीप कु.खम्परिया, पिता- स्व. श्री अवध किशोर खम्परिया, 2. श्री ललित कु. खम्परिया, पिता-स्व. श्री अवध किशोर खम्परिया,** ने मकान नं. 2014/6 पी, **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000348009, क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 425 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/235 जबलपुर दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सुयश सराफ, पिता- श्री दिलीप कुमार सराफ** ने मकान नं. 309-310 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000411887, भूतल 800 व.फु. स्वयं उपयोग, 200 व.फु. कामर्शियल, प्रथमतल 1000 व.फु., द्वितीयतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/646/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती पूर्णिमा दहायत, पति- स्व. श्री पारसमणि दाहिया, 2. श्री आर्यन दाहिया, पिता- स्व. श्री पारसमणि दाहिया** ने मकान नं. 2774 पिन नं.1000472283 **वार्ड सेठ गोविन्ददास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 625 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 200 व.फु., **शपथपत्र, दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2774 पूर्व पार्षद मुंशी प्रजापति के घर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/647/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री चन्द्रमणि दाहिया, पिता- श्री रामकल दाहिया** ने मकान नं. 2774/1 पिन नं.1000472283 **वार्ड सेठ गोविन्ददास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 625 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 200 व.फु., **शपथपत्र, दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2774/1 पूर्व पार्षद मुंशी प्रजापति के घर के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/645/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती ममता दहायत, पति- स्व. श्री भरत कुमार दहायत, 2. श्री शांतनु कुमार, पिता- स्व. श्री भरत कुमार दहायत,** ने मकान नं. 1622 पिन नं.1000451151 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 982 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 982 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1622 बल्दी कोरी की दफाई पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/644/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शशिकला बंसल, पति- महावीर बंसल** ने मकान नं. 2111 पिन नं.1000452552 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल कच्चा 539 व.फु., **विक्रय अनुबंध पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2111 बसोर मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/643/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राकेश विनोदिया, पिता- स्व. श्री छोटे लाल विनोदिया** ने मकान नं. 2688 पिन नं.1000469651 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 600 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2688 रामसेवक गुप्ता के पीछे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/642/ दिनांक 03.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेश सिंह, पिता- श्री मदन सिंह** ने मकान नं. 2510/3ए पिन नं.1000473918. **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 320 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 130 व.फु., **दानपत्र, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2510/3ए गोपाल होटल रोड, बजरंग अखाड़े के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999